

तापमान बढ़ने से दोपहर में शहर की सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव कम होने लगा है।

### उपमुख्यमंत्री अरूण साव जिले के दौरे पर आज



बिलासपुर। उपमुख्यमंत्री अरूण साव 12 अप्रैल को जिले के दौरे पर रहेंगे। श्री साव दोपहर 3 बजे से शाम 4 बजे तक ग्राम पंचायत अकलवारा जिला बेमेतरा में आयोजित मां कर्मा उत्सव आदर्श विवाह एवं शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम में शामिल होंगे। तत्पश्चात शाम 4 बजे यहां से ग्राम पंचायत अकलवारा जिला बेमेतरा से बिलासपुर कार द्वारा रवाना होकर शाम 6 बजे बिलासपुर प्रेस क्लब पहुंचेंगे। यहां शाम 6 बजे से 7 बजे तक प्रेस क्लब बिलासपुर में नवीनीकृत भवन का लोकार्पण करेंगे। तत्पश्चात शाम 7 बजे के बाद उनका समय आरक्षित रखा गया है।

# रोटा वायरस के वैक्सीन की सप्लाई बंद, बच्चों पर इन्फेक्शन का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नवजात बच्चों को संक्रमण से बचाने के लिए लगाए जाने वाला रोटा वायरस वैक्सीन शार्टेज बना हुआ है, पिछले कई महीनों से सप्लाई चैन टूटी हुई है, जिसके चलते बिलासपुर सहित प्रदेश के कई जिलों में स्टॉक नहीं है। ऐसे में बच्चों को डायरिया, उल्टी और गेस्ट्रोएंटेराइटिस से बचाने की मुहिम कारगर साबित नहीं हो पा रही है। वहीं राज्य के स्वास्थ्य अधिकारी हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं।

संक्रामक वायरस रोटा से नवजात बच्चों को होने वाली पेट संबंधी समस्या से बचाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। 5 साल पहले इस बीमारी के बाद से होने वाली मौतों के आंकड़ों को कम करने के लिए रोटा वायरस का वैक्सीन प्रोगाम में शामिल किया गया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से लेकर जिला अस्पताल में इस वैक्सीन का ओरल ड्राप बच्चों को पिलाया जाना अनिवार्य है, लेकिन वैक्सीन की कमी के चलते कई महीनों से बच्चो को समय पर ड्राप नहीं पिलाई जा रही है। जिससे नवजात बच्चों को पेट और आंतों के संक्रमण से पीड़ित होने का खतरा मंडराने लगा है। स्वभाविक है रोटावायरस का टीका नहीं मिलने से परिजन हलाकान हो रहे है, ऐसे में स्वास्थ्य कर्मी उन्हें आने वाले महीने में आकर लगाने का आश्वासन देकर चलता कर देते है लेकिन सच्चाई यह है कि अनुपात के अनुसार वैक्सीन का कोटा पूरा नहीं किया जा रहा है।




- स्टेट वैक्सीन स्टोर में ही स्टॉक नहीं।
- सप्लाई चैन टूटने के कारण आ रही समस्या।

### केन्द्र द्वारा चलाया जा रहा है प्रोग्राम

प्रदेश में वैक्सीनेशन प्रोग्राम का जिम्मा केन्द्र सरकार के अधीन है, केन्द्र के गवर्नमेंट मेडिकल स्टोर डिपो यानी जीएमएसडी द्वारा वैक्सीन की सप्लाई की जाती है। करनाल, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता में इसके 4 डिपो है जिससे वैक्सीन पूरे देश में सप्लाई की जाती है। यहां से ही प्रदेश के स्टोर में वैक्सीन भेजी जाती है। स्टेट वैक्सीन स्टोर से सभी जिलों में सप्लाई किया जाता है लेकिन पिछले कई माह से सप्लाई चैन बाधित है। जिससे वैक्सीन की आपूर्ति नहीं हो रही है।

### 2 माह के भीतर लगाया जाता है टीका

रोटा वायरस का टीका ओरल है। यह नवजात को जन्म से 2 माह के भीतर और 5 साल में 2 से 3 बार दिया जाता है। रोटा वायरस की चपेट में आने से नवजात व बच्चों को उल्टी, दस्त, बुखार, पेट में ऐंठन और पानी की कमी हो जाती है। यह वायरस मुख्यता शिशुओं को ही प्रभावित करता है।



एंटीवायरल उपचार संभव नहीं है, इलाज के लिए डिहाईड्रेशन को रोकना जरूरी हो जाता है। इसके लिए ओआरएस दिया जाता है।

### स्टेट से बंद है सप्लाई

स्टेट से सप्लाई नहीं होने के कारण रोटा वायरस का वैक्सीनेशन नहीं हो पा रहा है, डिमांड उनके पास होगी। केन्द्र से ही वैक्सीनेशन की सप्लाई की जाती है।

- डॉ शुभा गरेवाल
सीएमएचओ
स्वास्थ्य विभाग

## निगम अधिकारियों ने आंख मूंदकर दे दी निर्माण की स्वीकृति

# सड़क से सटकर बन रहा एक और डी मार्ट, ब्रिज के नीचे होगा ट्रैफिक जाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिना किसी पूर्व योजना के सरकंडा में बनाया गया डी-मार्ट निगम प्रशासन ने लिए नया सिरदर्द बन चुका है। सड़क पर लगते जाम के कारण अब यातायात व नगर निगम को माथापच्ची करनी पड़ रही है, लेकिन निगम अधिकारियों ने इससे सबक न लेते हुए तिफरा में भी बिना किसी योजना के एक और डी मार्ट को स्वीकृति दे दी है, यहां नवनिर्मित डी मार्ट सड़क से सटी सर्विस रोड पर खुल रहा है, वहीं ठीक सामने ब्रिज का ढलान और हैवी ट्रैफिक दिखाई देता है। आने वाले समय में यहां भी लगाता ट्रैफिक जाम होते रहने की आशंका है।

तिफरा स्थित नवनिर्मित डी मार्ट शहर की यातायात पर एक ओर दाग साबित होगा। दरअसल तिफरा ब्रिज के ठीक बाजू में बन रहे डी मार्ट का एंट्रेंस सीधे सड़क पर है। इसके एक ओर आर्या कालोनी जाने के लिए सर्विस रोड बनाई गई है, वहीं सामने मुख्य सड़क है। बिलासपुर-रायपुर मार्ग पर सबसे व्यस्तम सड़क होने के कारण कई बार आम दिनों में भी यहां जाम की स्थिति निर्मित होती है। ऐसे में डी-मार्ट के बनने के बाद यहां जाम लगना तय माना जा रहा है। खास बात यह है निर्माणधीन डी-मार्ट का एक ही इंट्रेंस और एक्जिट होगा, हो पूरी तरह से सड़क पर ही यातायात को बाधित कर सकता है। वहीं इस डी मार्ट के व्यवसायिक निर्माण की स्वीकृति हाल ही में दी गई है, जबकि शहर में कई बार महाराणा प्रताप चौक, यदुनंदन नगर, तिफरा ओवर ब्रिज को यातायात के मामले में रेड जोन में रखा जाता है, इसके बावजूद अधिकारियों ने आंखे बंद कर स्वीकृति दी है।

### औद्योगिक क्षेत्र तिफरा में आए दिन हादसे का अंदेशा



### 35 हजार वाहनों की आवाजाही

तिफरा स्थित ओवर ब्रिज से रोजाना 35 हजार वाहनों की आवाजाही होती है, इसके सबसे ज्यादा वाहना छोट ओवर ब्रिज से ही की जाती है। तिफरा की ओर से रिंग रोड और व्यापार विहार जाने के लिए लोगों को इस ब्रिज का सहारा लेना पड़ता है। ऐसे में डी मार्ट के शुरू होते ही यातायात में बड़ी समस्या होगी, निर्माण की स्वीकृति देने से पहले अधिकारियों ने समस्याओं को नजरअंदाज कर दिया है।

### औद्योगिक परिक्षेत्र का एंट्रेस

डी मार्ट के ठीक सामने मुख्य सड़क है। इसके आसपास बिजली विभाग के कार्यालय, कालोनी स्थित है। साथ ही आर्य कालोनी होते हुए तिफरा औद्योगिक क्षेत्र, यदुनंदन नगर, सीएसआईडीसी कार्यालय जाने के लिए सर्विस रोड है, जहां दिन भर भारी वाहनों की आवाजाही होते रहती है। एक बार जाम में फंसने के बाद इन वाहनों को निकलवाना यातायात विभाग के लिए ढेड़ी खीर साबित होगा।

### अधिक जानकारी नहीं है

डी मार्ट का निर्माण किया जा रहा है, व्यवसायिक परिसर होने के कारण इसकी स्वीकृति हेड आफिस से दी गई है। इस बारे में मुझे ज्यादा जानकारी नहीं है।

- भुपेन्द्र उपाध्याय
जोन कमिश्नर, जोन 2

### जांच की जाएगी

निर्माण की स्वीकृति भवन शाखा से ही दी गई होगी, लेकिन यह मेरे कार्यकाल का नहीं है। इसके बारे में जांच की जाएगी। एक बार मौके का निरीक्षण किया जाएगा और भविष्य में आने वाली समस्याओं को देखते हुए कदम उठाए जाएंगे।

- अनुपम तिवारी, भवन शाखा, नगर निगम

# बैठक में लड़ पड़े भाजपा पार्षद व मेयर

## भाजपा कार्यालय में जमकर बहसबाजी, एक-दूसरे पर लगाए कांग्रेस से संबंध होने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम में 13 अप्रैल को होने वाली बजट बैठक सामान्य सभा की तैयारी के लिए शनिवार को भाजपा कार्यालय में भाजपा पार्षद दल की बैठक बुलाई गई थी। इसमें सफाई ठेका के मुद्दे को लेकर पार्षद रंगा नादम और महापौर पूजा विधानी के बीच बहसबाजी इतनी बढ़ गई कि दोनों ने ही एक-दूसरे पर कांग्रेस के साथ संबंध होने का आरोप लगा डाला।



भाजपा कार्यालय में आयोजित सत्तारूढ़ भाजपा पार्षद दल की बैठक में भाजपा के एक भी विधायक नहीं पहुंचे थे इसलिए वरिष्ठ नेताओं की अनुपस्थिति में बैठक में जमकर बवाल मचा, ऐसा नजारा था कि नगर निगम में सामान्य सभा हो रही हो। बैठक में चर्चा के दौरान भाजपा पार्षद रंगानादम ने सफाई व्यवस्था को लेकर मोर्चा खोलते हुए कहा कि मेरे वार्ड में सफाई हो नहीं रही, शहर की सफाई व्यवस्था बदहाल है, डिवाईडर, फुटपाथ की धुलाई तक नहीं हो रही है और आप लोग ठेका कंपनी लायन सर्विसेस का भुगतान 5 प्रतिशत किस आधार पर बढ़ा दिए हैं। पार्षदों ने यह भी आरोप लगाया कि बिना एमआईसी, सामान्य सभा की मंजूरी के यह फैसला लिया गया है। इसी मुद्दे को लेकर बैठक में बात बिगड़ गई और महापौर ने एक पार्षद पर यह आरोप लगा दिया कि तुम तो कांग्रेस से आए हो कांग्रेसियों के साथ बैठते हो। इस पर पार्षद ने भी महापौर पूजा विधानी पर कांग्रेस से रिश्ता रहने का आरोप लगा दिया। इसके बाद बैठक में जमकर हंगामा हुआ और बाकी लोगों ने माहौल शांत कराने का प्रयास किया।

### बैठक में प्रस्तावों पर हुई चर्चा

नगर निगम के विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा के लिए आज सत्तारूढ़ भाजपा पार्षद दल की बैठक जिला भाजपा कार्यालय में हुई, जिसमें भाजपा पार्षद मेयर इन कांउसिल के सदस्य उपस्थित थे। बैठक में प्रथम मुख्य 7 प्रस्तावों का पठन किया साथ ही अतिरिक्त आठ प्रस्तावों का वाचन किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ने कहा कि सामान्य सभा की बैठक में पार्षदों को शालीनता के साथ सभी प्रस्तावों पर बहुमत के आधार पर समर्थन प्रदान करना है। महापौर पूजा विधानी ने कहा कि स्वच्छता के मामले में आज नगर निगम बिलासपुर का महत्वपूर्ण स्थान है। वर्तमान में नगर में स्वच्छता सर्वेक्षण का कार्य भी चल रहा है, इसका हमें ध्यान रखना है। उन्होंने पार्षदों से कहा कि सामान्य सभा की बैठक में एकजुटता के साथ प्रस्ताव का समर्थन करना है। बैठक में अनेक पार्षदों ने जनहित कार्यों के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव रखे।

# एचआर को अपनानी होगी बिजनेस की भाषा

## आफिस से बाहर निकलकर कंधे से कंधा मिलाकर करना होगा काम : डॉ. रंजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोल इंडिया के एचआर डायरेक्टर डॉ. विनय रंजन का कहना है कि एचआर को बिजनेस की भाषा बोलनी होगी, वे एचआर की भाषा के साथ बिजनेस से नहीं जुड़ पाएंगे। इसी तरह उन्हें अपने में बदलाव कर डिजिटल एचआर टेक्नालाजी का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करना होगा। उनका कहना है कि अब वह समय नहीं रहा जब एचआर आफिस भीतर बैठकर काम करें, उन्हें कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करना होगा और पारदर्शी पॉलसी बनानी होगी।



डॉ. विनय रंजन

एसईसीएल बसंत बिहार के वसंत क्लब में आयोजित दो दिवसीय एचआर, आईआर कानक्लेव में शामिल होने पहुंचे कोल इंडिया के एचआर डायरेक्टर डॉ. विनय रंजन ने हरिभूमि से कोल इंडिया व एचआर सेक्टर को लेकर पर चर्चा करते हुए अपने अनुभव साझा किए।

कोल इंडिया के एचआर डायरेक्टर डॉ. विनय रंजन ने बताया कि यह थर्ड एचआर,आईआर कानक्लेव हो रहा है, जिसका उद्देश्य सभी सबसीडरीज को एक प्लेटफार्म पर लाकर चर्चा करना है, बाहर से भी एक्सपर्ट बुलाए गए हैं, उनसे चर्चा कर बाहर की दुनिया में भी एचआर टेक्नालाजी में क्या परिवर्तन हो रहा है, उसे सीखकर उसका क्रियान्वयन करना है। कारण यह है कि अब धीरे-धीरे वर्कफोर्स का स्वरूप बदल रहा है, पुराने तरीके से नए वर्कफोर्स को हेंडल नहीं कर सकते हैं, इसलिए परिवर्तन लाना हो ही होगा, जिसके लिए यह एक प्लेटफार्म है।

### एचआर की भूमिका रणनीतिक

एचआर की भूमिका प्रशासनिक ही नहीं रणनीतिक हो गई है इसे लेकर डॉ. विनय रंजन का कहना है कि एचआर को बिजनेस की भाषा बोलनी पड़ेगी, क्योंकि एचआर की भाषा में रहकर बिजनेस की साथ नहीं जुड़ सकते। अब आफिस में बैठकर काम करने से नहीं चलेगा। हम कोल उत्पादन में शामिल लोगों के कंधा से कंधा मिलाकर काम करें और पारदर्शी पॉलसी बनाए। एचआर प्रेक्टिसेस को आधुनिक दक्ष बनाने सुधारों के संबंध में बताते हुए डॉ. रंजन ने कहा कि आधुनिकीकरण के लिए एचआर टेक्नालाजी एआई मशीन लर्निंग उसका ज्यादा उपयोग करना है। डिजीटाईजेशन नहीं करेंगे तो आगे नहीं बढ़ पाएंगे इसलिए मूल परिवर्तन लाएंगे।

### कोल इंडिया में आया एसईपी सिस्टम

कोल इंडिया में डिजीटल एचआर व एआई को अपनाने के बारे में एचआर डायरेक्टर श्री रंजन ने बताया कि कोल इंडिया में एसईपी सिस्टम आ गया है, हम सारा डेटा को एआई सिस्टम में डाल दिए हैं। कार्य, सैलरी गणना पे-रोल, परफार्मेंश, रिक्रूमेंट्स से लेकर सारी मैनुअल सिस्टम बंद हो रहा है और सारी चीजें एप्लीकेशंस, पोर्टल के जरिए हो जाएगा। औद्योगिक संबंध में चुनौती के प्रश्न पर श्री रंजन का कहना है कि औद्योगिक एचआर की प्रमुख जिम्मेदारी है। अभी तक कोल इंडिया का औद्योगिक संबंध अच्छा रहा है। अलग-अलग यूनियन, फोरम से संवाद करते हैं और साझा निर्णय लिया जाता है। पिछले तीन-चार सालों में करीब तीन-चार यंग आफिसर्स भर्ती हुए हैं।

### सुविधाओं के विस्तार का हो रहा प्रयास

उनका कहना है कि आने वाले वर्षों में कोल इंडिया एचआर क्षेत्र में बदलाव देखने मिलेगा। एक तो माइंड सेट चेंज और दूसरा उसका कंम्पलायंस मतलब पहले से चीजों को देखकर उसका कंम्पलायंस करना होगा। बिजनेस का पार्ट बनेंगे और कंधा से कंधा मिलाकर काम करना होगा। उन्होंने कोल इंडिया को लेकर संदेश देते हुए कहा कि कोल इंडिया अच्छी कंपनी है जहां सैलरी व सुविधा अच्छा है। उनका कहना है कि एक ही ड्रा-बैक है कि हमारा कोलरी शहरों से दूर माइन्स एरिया में होता है। इसलिए हम छोटे शहरों में भी बड़े शहरों की तरह सुविधाओं का विस्तार कर सकें यह प्रयास करते हैं।





Vijayश्री HERITAGE
Shanichari Road
LUXURIOUS 3 BHK & 4 BHK RESIDENCES
AADHARSHILAS BUILDERS PVT. LTD.
RERA CHHATTISGARH
PCGRERA230126002033
सिर्फ एक पता नहीं
सुकून
का एक नया
आशियाना
SAY yes TO YOUR
LUXURIOUS HOME
SPECIAL BOOKING OFFER
UP TO 30TH APRIL 2026
Site Address: Science College, Shanichari Road, Along Vijayapuram Colony, Bilaspur, Chhattisgarh.
SOLAR FOR COMMON AREA
MINI THEATER
COMMON HALL ON TERRACE
GYM
Science College 300 Meter
SECL Head Office 700 Meter
Khel Parisar 700 Meter
Apollo Hospital 1.5 Km
Railway Station 6.5 Km
Gol Bazar & Sadar Bazar (Market) 1.5 Km
Member of CREDAI Confederation of Real Estate Developers' Association of India
Scan for Floor Plan
+91 9300321527 | +91 9329730177 | +91 9826533344
Head Office Address: In front of Chhattisgarh Bhavan, Nehru Chowk, Bilaspur (C.G.)
E-mail-: abplbsp94@gmail.com | Website :- www.aadharshilabuilders.com
Scan for Brochure

## खबर संक्षेप

### प्रेस क्लब के सुसज्जित कॉन्फ्रेंस हॉल का लोकार्पण करेंगे डिप्टी सीएम आज

**बिलासपुर।** बिलासपुर प्रेस क्लब के राघवेंद्र राव सभा भवन स्थित सुसज्जित कॉन्फ्रेंस हॉल का लोकार्पण 12 अप्रैल को शाम 6 बजे किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री अरुण साव होंगे। अध्यक्षता बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक करेंगे। विशेष अतिथि तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव और बेलतरा विधायक -सुशांत शुक्ला, महापौर पूजा विधानी, सभापति विनोद सोनी होंगे। प्रेस क्लब अध्यक्ष अजीत मिश्रा, उपाध्यक्ष विजय क्रांति तिवारी, सचिव संदीप करिहार, कोषाध्यक्ष किशोर सिंह ठाकुर, सहसचिव हरीश गंगवानी और कार्यकारिणी सदस्य कैलाश यादव ने प्रेस क्लब के सभी सदस्यों को इस अवसर पर आमंत्रित किया है। छत्तीसगढ़ शासन के नगरी कल्याण विभाग ने करीब 30 लाख की लागत से बिलासपुर प्रेस क्लब के इस कॉन्फ्रेंस हॉल का जीर्णोद्धार किया है। क्लब के अध्यक्ष श्री मिश्रा ने कहा कि शासन के सहयोग से न्यायधानी में पत्रकारों और जनप्रतिनिधियों के बीच संवाद के लिए सर्व सुविधा युक्त मंच प्रदान करने की कोशिश की गई है।

### छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के प्रदेश प्रबंध कार्यकारिणी का चुनाव आज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज का प्रजातांत्रिक विधि से प्रदेश प्रबंध कार्यकारिणी के अध्यक्ष उपाध्यक्ष सचिव संयुक्त सचिव कोषाध्यक्ष एवं दो सदस्यों का चुनाव 12 अप्रैल रविवार सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्रदेश के समस्त जिलों के अलग-अलग निश्चित पोलिंग बूथ पर होगा। बिलासपुर में भी मतदान प्रक्रिया के अंतर्गत बिलासपुर जिला मतदान केंद्र स्थान बंगाली हायर सेकेंडरी स्कूल, जगन्नाथ मंदिर के बगल तोरवा थाना, के पास रेलवे क्षेत्र बिलासपुर मतदान केंद्र क्रमांक 1 क्षेत्र, बिलासपुर ,कोटा, पेंड्रा, गौरेला, मतदान केंद्र क्रमांक 2, ताला मंदिर क्षेत्र, ताला, तखतपुर, बिल्हा, मतदान केंद्र क्रमांक 3 जोंधरा क्षेत्र, जोंधरा, मस्तूरी ,वेद परसदा में समाज के आजीवन सदस्य अधिक से मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई है। यह जानकारी अध्यक्ष ओंकार यादव ने दी।

### जिला मराठा समाज की बैठक कुदुदंड में आज

**बिलासपुर।** जिला मराठा समाज के अध्यक्ष शशांक चौहान ने बताया कि कार्यकारिणी द्वारा आगामी निर्वाचन अधिकारी एवं निर्वाचन की तिथि तय की गई है । जिसकी घोषणा 12 अप्रैल रविवार शाम 7 बजे आई तुलता भवानी मंदिर कुदुदंड में आयोजित सामाजिक बैठक में की जायगी। समाज के सभी सदस्य गण सादर आमंत्रित है।

### वैश्य समाज भारत के राष्ट्रीय सदस्य बनाए गए गुप्ता

**बिलासपुर।** वैश्य समाज भारत पंजीकृत ने संगठन को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से रमेश गुप्ता को राष्ट्रीय सदस्य नियुक्त किया है। वैश्य समाज भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन कुमार गुप्ता ने बताया कि रमेश गुप्ता लंबे समय से समाज सेवा और संगठन की गतिविधियों में सकारात्मक भूमिका निभाते आ रहे हैं। नियुक्ति के बारे में रमेश गुप्ता ने कहा कि संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

## एजुकेशन प्लस

### एलसीआईटी फार्मेसी महाविद्यालय में एक दिवसीय सेमिनार



**बिलासपुर।** एलसीआईटी फार्मेसी महाविद्यालय में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। फार्मेसी शिक्षा में परिवर्तन एआई-रेडी, नवाचार-प्रेरित एवं उद्यमशील फार्मासिस्ट का निर्माण' विषय पर एक दिवसीय सेमिनार, 10 अप्रैल को एलसीआईटी फार्मेसी महाविद्यालय में आयोजित किया गया । इस सेमिनार का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी 2020 के अनुरूप फार्मेसी शिक्षा में हो रहे बदलावों पर प्रकाश डालना तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, नवाचार एवं उद्यमिता को शिक्षा में समाहित करने की आवश्यकता को समझाना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में फार्मेसी काउंसिल ऑफ़ इंडिया में एजुकेशन रेगुलेशन कमेटी के अध्यक्ष डॉ. दीपेंद्र सिंह उपस्थित रहे, उन्होंने फार्मेसी शिक्षा के भविष्य, एनईपी-2020 के तहत होने वाले बदलाव एवं तकनीकी दक्षता के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। तत्पश्चात विमल कुमार शर्मा ने रिटेल फार्मेसी व्यवसाय में चुनौतियों एवं संभावनाओं पर प्रकाश डाला एवं छात्रों को उद्यमिता एवं फार्मेसी व्यवसाय के लिए प्रेरित किया। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय से सीनियर प्रोफेसर डॉ सन्मती जैन ने ड्रग डेवलपमेंट प्रोसेस में उपयोग किए जाने वाले आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एआई का उपयोग फार्मेसी शिक्षा एवं शोध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। फार्मेसी काउंसिल आफ इंडिया द्वारा 'एआई' को फार्मेसी शिक्षा में शामिल करने के निर्णय की सराहना की। इस सेमिनार में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी रही, जिससे यह एक ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम सिद्ध हुआ। कार्यक्रम में संस्था के सचिव उपकार राय, प्राचार्य डॉ. रितेश जैन, डॉ. संदीप गुप्ता एवं उपप्राचार्या डॉ. शुभी श्रीवास्तव मौजूद थे।

### जेके इंस्टीट्यूट फार्मास्यूटिकल एजुकेशन में प्लेसमेंट सफल




**बिलासपुर।** जेके इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च में फार्मेसी छात्रों के लिए प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन किया गया। इसमें बी. फार्म, डी. फार्म एवं एम. फार्म के अंतिम वर्ष तथा पासआउट बैच के अनेक छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में विभिन्न फार्मा कंपनियों का प्रतिनिधित्व करते हुए अजय ने छात्रों का मूल्यांकन किया। चयन प्रक्रिया दो चरणों में संपन्न हुई, जिसमें लिखित परीक्षा तथा व्यक्तिगत साक्षात्कार शामिल थे। अजय ने छात्रों के साथ संवाद स्थापित करते हुए उन्हें फार्मा सेक्टर में उपलब्ध विभिन्न करियर अवसरों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कंपनियों की कार्यप्रणाली, नीतियों एवं कार्य संस्कृति से भी छात्रों को अवगत कराया, जिससे छात्रों को उद्योग की वास्तविक समझ प्राप्त हो सके। इस प्रक्रिया में जेके इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च तथा जेके कॉलेज ऑफ फार्मेसी के कई छात्रों को विभिन्न पदों के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। चयनित छात्रों के लिए अंतिम गैलप इंटरव्यू शीघ्र आयोजित किया जाएगा।

---

**मानव संसाधन एवं औद्योगिक संबंध पर चर्चा** | **एसईसीएल में कोल इंडिया का एचआर-आईआर कान्क्लेव उत्कर्ष 2026 का समापन**

# सफलता तब नहीं मिलती है जब आप उसके योग्य बन जाते हैं: गोपीचंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसईसीएल में आयोजित दो दिवसीय कोल इंडिया का तृतीय एचआर- आईआर कॉन्क्लेव "उत्कर्ष 2026" का समापन हो गया। 10 और 11 अप्रैल को आयोजित इस कार्यक्रम का विचार-विमर्श के पश्चात समापन हो गया।

इस राष्ट्रीय स्तर के कॉन्क्लेव में कोल सेक्टर में मानव संसाधन एवं औद्योगिक संबंध के बदलते स्वरूप पर गहन चर्चा की गई। इस कॉन्क्लेव में कोल इंडिया एवं उसकी सहायक कंपनियों के 100 से अधिक एचआर अधिकारियों के साथ-साथ देशभर से आए उद्योग विशेषज्ञों, शिक्षाविदों एवं विचारकों ने भाग लिया। भारत के मुख्य राष्ट्रीय बैडमिंटन कोच पुलेला गोपीचंद के साथ एक अत्यंत प्रेरक चर्चा आयोजित किया गया। उन्होंने खेल और संगठनात्मक उत्कृष्टता के बीच समानताएं स्थापित करते हुए दृढ़ता, अनुशासन और निरंतर प्रयास को सफलता की आधारशिला बताया। उन्होंने कहा, "आपको सफलता तब नहीं मिलती जब आप चाहते हैं, बल्कि तब मिलती है जब आप उसके योग्य बन जाते हैं," और इस बात पर बल दिया कि विपरीत परिस्थितियों में भी निरंतर प्रयास ही वास्तविक उत्कृष्टता की पहचान है। इस सत्र का संचालन एसईसीएल के निदेशक (कार्मिक) बिरंची दास ने किया।

कॉन्क्लेव के दूसरे दिन संगठनात्मक परिवर्तन में एचआ की रणनीतिक भूमिका को रेखांकित किया गया। इससे पूर्व कॉन्क्लेव का उद्घाटन 10 अप्रैल को कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष बी. साईराम द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया। एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने कर्मचारियों के सतत विकास एवं कल्याण पर बल दिया। वहीं कोल इंडिया के मुख्य सतर्कता अधिकारी ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने संगठन में ईमानदारी और सामूहिक पहचान के महत्व को रेखांकित किया। कोल इंडिया के निदेशक (कार्मिक) डॉ. विनय रंजन ने एचआर की बदलती भूमिका को उत्पादकता, नवाचार एवं संगठनात्मक परिवर्तन के प्रमुख चालक के रूप में प्रस्तुत किया।



■ उपलब्धियों को प्रदर्शित करने लगाया गया स्टाल, अतिथियों ने की सराहना

दोनों दिनों में आयोजित सत्रों में विशेषज्ञों एवं शिक्षाविदों ने भविष्य के कार्यस्थल के लिए सामाजिक संवाद को सुदृढ़ करने जैसे विषयों पर विचार साझा किए। कॉन्क्लेव के दौरान कोल इंडिया एवं ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की एचआर पहलों एवं उपलब्धियों को प्रदर्शित करने प्रदर्शनी स्टॉल का भी उद्घाटन किया गया। "उत्कर्ष 2026" की एक विशेष उपलब्धि विभिन्न सहायक कंपनियों द्वारा प्रस्तुत कान्सेप्ट पेपर एवं नवाचारपूर्ण एचआर पहलों का प्रदर्शन रहा।

कॉन्क्लेव के दौरान कोल इंडिया एवं ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की एचआर पहलों एवं उपलब्धियों को प्रदर्शित करने हेतु एक विशेष प्रदर्शनी स्टॉल का भी उद्घाटन किया गया, जिसमें विभिन्न सहायक कंपनियों की नवाचारपूर्ण एवं कर्मचारी-केंद्रित पहलें प्रदर्शित की गईं। "उत्कर्ष 2026" की एक विशेष उपलब्धि विभिन्न सहायक कंपनियों द्वारा प्रस्तुत कंसेप्ट पेपर्स एवं नवाचारपूर्ण एचआर पहलों का प्रदर्शन रहा, जिसने आपसी सीख एवं श्रेष्ठ प्रथाओं के आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया।

कॉन्क्लेव का समापन प्रतिभागियों के इस संकल्प के साथ हुआ कि वे एचआर प्रणालियों को और अधिक सुदृढ़ करेंगे, विश्वास एवं प्रदर्शन आधारित कार्य-संस्कृति को बढ़ावा देंगे तथा कोल इंडिया के सतत एवं कुशल खनन के व्यापक लक्ष्य के अनुरूप मानव संसाधन रणनीतियों को संरेखित करेंगे। कार्यक्रम में एसईसीएल के अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

---

**संवारने के लिए खेल विभाग के पास नहीं है बजट**

# बदहाल हो गया 120 करोड़ खर्च कर बनाया गया स्पोर्ट्स काम्पलेक्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का प्रशिक्षण देने के लिए 120 करोड़ रुपए की लागत से राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र का निर्माण कार्य बहतराई में कर दिया गया है, लेकिन इस संवारने और मेंटनेंस करने के लिए खेल विभाग के पास किसी तरह का बजट नहीं है। यहां बालक-बालिकाओं के लिए बनाए गए हॉस्टल के कमरे पूरी तरह से जर्जर हो चुके हैं, जिसके लिए शासन को पत्र लिखकर सूचित किया गया है।

जिला खेल परिसर में खिलाड़ियों के लिए किसी तरह की व्यवस्था नहीं होने के कारण शासन ने बहतराई में 60 करोड़ रुपए की लागत से राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र का निर्माण शुरु किया था, जिसकी जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग को दी गई थी। ठेकेदार की ओर से काम में लेट लतीफी के कारण स्पोर्टस काम्पलेक्स की लागत 60 करोड़ रुपए से बढ़ते-बढ़ते 120 करोड़ रुपए हो गई। राज्य शासन ने निर्माण कार्य जल्द कराने के लिए दो से तीन किश्त में बची हुई राशियों को स्वीकृत किया। लोक निर्माण विभाग की ओर से बनाए गए 120 करोड़ रुपए के राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र सेन्ट्रल की ओर से एक्सीलेंस सेंटर का दर्जा भी मिल गया है, जहां राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण लेने वाले खिलाड़ी प्रदेश के सभी जिलों से आकर बहतराई के स्पोर्टस काम्पलेक्स में रूक भी रहे हैं, लेकिन जिस स्थान पर उन्हें प्रशिक्षण देने के साथ रहने की जगह दी गई है, वह बिल्डिंग काफी जर्जर हो चुकी है। इसे संवारने के लिए खेल विभाग की ओर से किसी तरह की कोई पहल नहीं की जा रही है।



### टूटने लगी हैं टाइल्स

इंडोर स्टेडियम में बालक वर्ग के लिए रहने हेतु अलग-अलग कमरों के साथ बालिकाओं के लिए हॉकी मैदान के पीछे हास्टल बनाए गए हैं। इन हास्टल में बनाए गए कमरों के हाल वर्तमान में ऐसे हो गए हैं, जिसमें करोड़ों रुपए खर्च कर लगाए गए दरवाजे खिड़कियों की लकड़ी टूट चुकी है। प्रसाधन के साथ कमरों और हॉल में लगाए गए टाइल्स भी अब जमीन से उखड़ने शुरु हो गए हैं। कई प्रसाधन ऐसे हैं, जहां पानी की समस्या के कारण बच्चों को काफी परेशानी होती है।



### आउटडोर की हालत खराब

एथलेटिक्स के अलावा फुटबाल व अन्य खेलों के लिए आउटडोर ग्राउंड बनाया गया है। यहां गैलरी के साथ ही प्रशिक्षकों के रूकने के लिए कमरे भी बने हुए हैं। आउटडोर ग्राउंड में सिंथेंटिक ट्रैक तो लगा दिया गया है, लेकिन ग्राउंड के बाहर की स्थिति ऐसी है कि चारों ओर खरपतवार के साथ दीवारें जर्जर हो चुकी है।

### इंडोर का हाल बेहाल

राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र में बैडमिंटन, कबड्डी, कराते, ताइक्वांडो व अन्य इंडोर गेम्स के लिए इंडोर स्टेडियम का निर्माण कार्य किया गया है। जनप्रतिनिधियों और खेल संघ की ओर से बार-बार एसी की मांग की गई थी, लेकिन शासन ने एसी के स्थान पर यहां सेन्ट्रलाइज्ड कूलर की फिटिंग कर दी है। इंडोर स्टेडियम के अंदर जाते ही खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों की हालत खराब हो जाती है। ग्राउंड के साथ ही पुरुष वर्ग के खिलाड़ियों के लिए रहने के लिए रूम, प्रसाधन और अन्य व्यवस्था भी की गई है। चारों ओर की दीवारों में सीपेज के साथ ही प्रसाधन का हाल ऐसा है कि कई टायलेट में नल की टोटियां गायब हो गई हैं।

### कबड्डी ग्राउंड निर्माणाधीन

120 करोड़ की लागत से बने राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र में हॉकी खिलाड़ियों और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता कराने के लिए तीन करोड़ रुपए की लागत से एस्ट्रोटर्फ लगा दिया गया है। यहां राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता भी कराई गई है। एस्ट्रोटर्फ की सुविधा तो खिलाड़ियों को मिल रही है, लेकिन लोगों के बैठने के लिए गैलरी की व्यवस्था नहीं है। कुछ दिन पहले जिला प्रशासन के आदेश पर हॉकी स्टेडियम में गैलरी के साथ प्रशासनिक भवन के पास एक नया कबड्डी ग्राउंड भी बनाया जा रहा है, जिसे जल्द पूरा करने का आदेश कलेक्टर ने दिया है।

### नहीं मिल रही है राशि

स्पोर्टस काम्पलेक्स का निर्माण कार्य पीडब्लूडी ने किया था। यहां आउटडोर और इंडोर दोनों ग्राउंड की हालत काफी खराब है। आउटडोर में गैलरी टूटने लगी है। इसके अलावा बालक-बालिकाओं के हॉस्टल के कमरे का हाल बेहाल हो गया है। इन सबके अतिरिक्त आउटडोर व इंडोर ग्राउंड की दीवारों के रंग रोगन व अन्य कार्यों को करने के लिए शासन से बजट की मांग की गई है।

**- ए एक्का**, सहायक संचालक, खेल एवं युवा कल्याण

---



# सीवीआरयू और अमरकंटक हर्बल के बीच हुआ एमओयू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों के कौशल विकास एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अमरकंटक हर्बल के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन किया गया है। इसके तहत अब विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को हर्बल एवं आयुर्वेदिक दवाओं और औषधियों के क्षेत्र में प्रशिक्षण, इंटर्नशिप तथा प्लेसमेंट के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे।

कुलपति प्रो प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि यह एमओयू विद्यार्थियों के व्यावसायिक कौशल को विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विश्वविद्यालय का प्रयास है कि छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ उद्योग से जोड़कर उन्हें व्यवहारिक ज्ञान प्रदान किया जाए। यह साझेदारी निश्चित रूप से छात्रों के करियर को नई दिशा देगी और उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद करेगी। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी एवं सम कुलपति डॉ. जयंती चटर्जी की उपस्थिति में एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। अमरकंटक हर्बल की ओर से कंपनी के सीईओ सैयद इमरान अहमद ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस सहयोग के माध्यम से विद्यार्थियों को न केवल सैद्धांतिक ज्ञान मिलेगा। बल्कि उन्हें हर्बल और आयुर्वेदिक उत्पादों के निर्माण, गुणवत्ता नियंत्रण तथा विपणन से जुड़ी व्यावहारिक जानकारी भी प्राप्त होगी। यह पहल छात्रों को उद्योग की वास्तविक आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने में सहायक सिद्ध होगी। इस एमओयू से विश्वविद्यालय और उद्योग के बीच सहयोग को नई दिशा मिलेगी तथा विद्यार्थियों के लिए रोजगार के नए द्वार खुलेंगे।

### उद्यमिता के नए द्वार खुलेंगे : कुल सचिव

कुलसचिव डॉ. तिवारी ने कहा कि वन उत्पादन के मूल्य संवर्धन एवं वन औषधि के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा तथा इस सुदूर वनांचल के जनजाति विद्यार्थियों के लिए उद्यमिता के नए द्वार खुलेंगे। डॉ. जयति चटर्जी सम कुलपति ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाना अत्यंत आवश्यक है। इस एमओयू से विद्यार्थियों को हर्बल एवं आयुर्वेदिक क्षेत्र में उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त होगा।

### औद्योगिक अनुभव प्रदान करेंगे: सीईओ

अमरकंटक हर्बल के सीईओ सैयद इमरान अहमद ने कहा कि अमरकंटक हर्बल स्थानीय संसाधनों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। इस सहयोग के माध्यम से हम छात्रों को वास्तविक औद्योगिक अनुभव प्रदान करेंगे। इस अवसर पर टी पी ओ डॉ राजीव पीटर्स, डॉ आशीष पांडे ,जय त्रिवेदी,अमित रुद्रकर, अनिता विश्वास, आयुष वैष्णव, सौरभ पीटर्स, सहित विवि के प्राध्यापक मौजूद थे।



# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, रविवार 12 अप्रैल 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




**वेकैंसी**

## असिस्टेंट कीपर, सीनियर स्टोर ऑफिसर ग्रेड-2 पदों पर भर्ती शुरू

**बिलासपुर।** संघ लोक सेवा आयोग की ओर से असिस्टेंट कीपर, सीनियर स्टोर ऑफिसर ग्रेड-2 और लाइव स्टॉक ऑफिसर के पदों पर भर्ती के लिए आधिकारिक अधिसूचना जारी की गई है। जो उम्मीदवार इन पदों पर आवेदन करना चाहते हैं, वे जल्द ही इन पदों पर आवेदन कर सकेंगे। इन पदों पर भर्ती के लिए एप्लीकेशन विंडो




11 अप्रैल, 2026 से शुरू हो जाएंगे। इसके साथ ही इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार 01 मई, 2026 तक आवेदन कर सकेंगे। असिस्टेंट कीपर के पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की अधिकतम आयु 30 वर्ष, सीनियर स्टोर ऑफिसर ग्रेड-2 और लाइव स्टॉक ऑफिसर के पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की अधिकतम आयु 35 वर्ष निर्धारित की गई है। आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को आयु-सीमा में छूट भी प्रदान की जाएगी। ओबीसी उम्मीदवारों को आयु-सीमा में तीन वर्ष की छूट और एससी एवं एसटी उम्मीदवारों को पांच वर्ष की छूट प्रदान की गई है। उम्मीदवारों के पास पद से संबंधित विषय में पात्रता होनी चाहिए। यूपीएससी की ओर से असिस्टेंट कीपर, सीनियर स्टोर ऑफिसर ग्रेड-2 और लाइव स्टॉक ऑफिसर के पदों पर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया कल से शुरू कर दी जाएगी।

**आयोजन**

## दयालबंद गुरुद्वारा में खालसा साजना दिवस बैसाखी आज से







**बिलासपुर।** गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा दयालबंद बिलासपुर में तीन दिवसीय खालसा साजना दिवस बैसाखी रविवार 12 अप्रैल से मनाया जाएगा। दिवस का मुख्य कार्यक्रम 14 अप्रैल को होगा। इस दौरान हजूरी रागी जत्थों द्वारा विशेष दीवान सजा कर साध संगत को निहाल किया जाएगा। समूह साध संगत एवं प्रबंधन कमेटी दयालबंद के सदस्यों ने बताया कि 12 और 13 अप्रैल को सुबह साढ़े 7 से 8 बजे तक भाई जोबन सिंह हजुरी रागी गुरूद्वारा दयालबंद, सुबह 8 से सवा 9 बजे तक भाई पलविंदर सिंह हजुरी रागी श्री दरबार साहिब अमृतसर, शाम 7 से साढ़े 7 बजे तक भाई जोबन सिंह हजुरी रागी गुरूद्वारा दयालबंद, शाम साढ़े 7 से पौने 9 बजे तक भाई पलविंदर सिंह हजुरी रागी श्री दरबार साहिब द्वारा शबद कीर्तन पेश किया जाएगा। मंगलवार 14 अप्रैल को विशेष दीवान सजाए जाएंगे। सुबह 10 से 11 बजे तक साध संगत कीर्तन करेंगे। दोपहर 11 से 12 बजे तक भाई जोबन सिंह हजुरी रागी गुरूद्वारा दयालबंद, दोपहर 12 से साढ़े 12 बजे तक भाई मान सिंह बड़ला मुख्य ग्रंथी गुरुद्वारा दयालबंद, दोपहर साढ़े 12 से 2 बजे तक भाई पलविंदर सिंह हजुरी रागी श्री दरबार साहिब द्वारा विशेष दीवान सजाया जाएगा। दीवान समाप्ति उपरांत गुरु का अटूट लंगर वरताया जाएगा। समूह साध संगत एवं प्रबंधन कमेटी गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा दयालबंद ने समूह साध संगत से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर गुरू घर की खुशियां प्राप्त करने का आग्रह किया है।

**कार्यक्रम**

## गीता आत्मा को सशक्त बनाने वाला दिव्य आहार



**बिलासपुर।** टिकरापारा स्थित ब्रह्माकुमारीज़ के प्रभु दर्शन भवन में आयोजित आठ दिवसीय 'गीता सप्ताह' के अंतर्गत ब्रह्माकुमारी शशि प्रभा दीदी ने आत्मा के वास्तविक स्वरूप और उसके मौलिक गुणों पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण से प्रकाश डाला और बताया कि गीता आत्मा को सशक्त बनाने वाला दिव्य आहार है।



दीदी ने बताया कि जिस प्रकार शरीर को संचालित करने के लिए पांच तत्व पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश आवश्यक है, उसी प्रकार आत्मा के संतुलित और सुखी जीवन के लिए सात दिव्य गुण अनिवार्य है। इन गुणों में सुख, शांति, प्रेम, आनंद, ज्ञान, शक्ति और पवित्रता शामिल है। उन्होंने कहा कि आज मनुष्य बाहरी संसार में सुख-शांति की तलाश कर रहा है, जबकि ये सभी गुण आत्मा की आंतरिक आवश्यकताएं हैं। जिसे केवल राजयोग और परमात्म ज्ञान के माध्यम से ही प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने 'मिरर एक्सरसाइज' का अभ्यास कराते हुए कहा कि जब भी हम आईने के सामने जाएं, तो केवल बाहरी रूप को न देखें, बल्कि यह अनुभव करें कि "मैं आत्मा, मस्तक के मध्य भृकुटी पर स्थित एक ज्योतिर्मय सितारा हूं।" यही आत्मचेतना हमें आंतरिक शक्ति प्रदान करती है। उन्होंने सभी को प्रतिदिन कम से कम आधा घंटा आत्मचिंतन और परमात्म स्मृति में बिताने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का समापन सामूहिक ध्यान के साथ हुआ। यह विशेष सत्र दिवंगत सुशील भाई सगदेव की स्मृति को समर्पित रहा।

### महापुरुषों से लें प्रेरणा

दीदी ने स्वामी विवेकानंद, गौतम बुद्ध और महावीर स्वामी का उदाहरण देते हुए दीदी ने बताया कि ये महान आत्माएं 'पूर्ण चार्ज बैटरी' के समान थे। जिनमें ये सभी सात गुण पूर्ण रूप से विद्यमान थे। इसी आत्मिक शक्ति के बल पर उन्होंने समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाए। यदि हम भी इन गुणों को अपने जीवन में धारण करें, तो हम अपने वातावरण और परिस्थितियों को बदलने में सक्षम बन सकते हैं। हमें इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

# नशा मुक्त समाज के निर्माण से ही होगी सनातन धर्म की स्थापना

भगवती मानव कल्याण संगठन ने शनिवार को नशा मुक्ति जनजागरण पदयात्रा का भव्य आयोजन किया। इसमें जिले सहित प्रदेश से 21 हजार से अधिक लोगों की उपस्थिति रही। संस्था की की केंद्रीय अध्यक्ष पूजा दीदी ने कहा कि नशा मुक्त समाज के निर्माण से ही सनातन धर्म की स्थापना होगी।



### नशा मुक्ति पदयात्रा में एसएसपी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

यात्रा लाल बहादुर शास्त्री ग्राउंड शनिचरी बाजार से निकलकर सिटी कोतवाली चौक, पुराना बस स्टैंड चौक, अग्रसेन चौक, इंदु चौक, मंदिर चौक, नेहरू चौक से देवकीनन्द चौक, गोलबाजार होते हुए पुनः लाल बहादुर शास्त्री प्रांगण पहुंची। 8 किलोमीटर के इस पूरे पदयात्रा में नशामुक्त छत्तीजगढ़ खुशहाल छत्तीसगढ़ के नारे गूंजते रहे। हजारों महिलाओं ने नशा मुक्त प्रदेश बनाने हेतु इस अभियान को अपना सहयोग दिया। हर चौक-चौराहों में स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने पदयात्रा का स्वागत किया। चिलचिलाती धूप में प्रदेश सरकार से नशामुक्त प्रदेश बनाने के आग्रह के साथ उतरे साधको की ऊर्जा देखते ही बन रही थी। छत्तीसगढ़ महतारी की वेशभूषा में रहीं युवतियों ने भी नशा मुक्त समाज बनाने का आग्रह किया। इस कार्यक्रम में बिलासपुर एसएसपी रजनेश सिंह भी शामिल हुए।



### हर घर आज परेशान है नशे के कारण

कार्यक्रम के समापन पर भगवती मानव कल्याण संगठन की केंद्रीय अध्यक्ष पूजा दीदी ने कहा कि आज समाज में नशे के कारण हर घर के लोग परेशान है, इसलिए संगठन द्वारा पूरे प्रदेश में व्यापक रूप से अभियान चलाकर नशा मुक्त बनाने का कार्य किया जा रहा है। आज के समय में मानवता भटक रही है और अपराध चरम सीमा पर पहुंच गया है। आए दिन कहीं न कहीं कोई न कोई दुर्घटना हो रही है। इसके अधिकतर घटनाओं में नशा बड़ा कारण है। आज सभी जगह सनातन सनातन की बात जरूर हो रही लेकिन सभी को यह सोचना होगा कि नशा मुक्त समाज के निर्माण से ही सनातन धर्म की स्थापना होगी। उन्होंने वर्तमान सरकार से नशा मुक्त प्रदेश बनाने की मांग की।



### अपनाएं जीवन जीने की शैली

संस्था के केंद्रीय महासचिव अजय अवस्थी ने कहा कि भगवान राम आए तो रावण का मरना तय था। बाकी सब लीलाएं थी। उसी प्रकार ऐसे पदयात्रा के माध्यम से नशा मुक्त प्रदेश बनना तय हो गया है बाकी सारी मां भगवती गुरुवरश्री की लीलाएं है। इतनी भीषण गर्मी में यह पदयात्रा होना माता भगवती एवं पूज्य गुरुवर श्री शक्तिपुत्र महाराज की कृपा है। वर्तमान समाज नशे की ओर बढ़ रहा है और इसका समाज में बुरा प्रभाव पड़ रहा है। जीवन जीने की कुछ शैली और मापदंड है, उसका पालन करके ही जीवन व्यतीत करना चाहिए। उन्होंने जिले वासियों सहित प्रदेश भर के लोगों से नशा मुक्त जीवन जीने का आग्रह किया।



श्री सुमुख गणेश मंदिर रेल्वे में शनिवार को वार्षिक प्राण-प्रतिष्ठा पूजा का आयोजन रखा गया। इस दौरान मंदिर में विराजित सभी देवी-देवताओं के हवन, रूद्राभिषेक व सहस्त्रनाम अर्चना की गई।





## सुमुख गणेश मंदिर में वार्षिक प्राण-प्रतिष्ठा पूजा, रूद्राभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मंदिर के पुजारियों ने प्रातः 6 बजे से साढ़े 7 बजे तक हवन किया। इसके बाद श्री गणेश, श्री दक्षिणामूर्ति, श्री कार्तिक स्वामी, श्री पार्वती माता, श्री विष्णु, श्री शिवजी, श्री नवग्रह, श्री राम दरबार व श्री वाराही माता की वैदिक रीति से धार्मिक अनुष्ठान किया गया।

श्री सुमुख गणेश व सभी देवी-देवताओं की महाद्वीप आराधना की गई। अंत में प्रसाद वितरण किया गया। श्री सुमुख गणेश की उत्सव मूर्ति का मंदिर में तीन परिक्रमा कर झूला में बिठाकर झूलाया गया। इस मौके पर श्रद्धालु भक्तों की भारी संख्या में उपस्थिति रही। सभी ने वार्षिक प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग कर विघ्न विनाशक गणेश का आशीर्वाद प्राप्त किया।

### सहस्त्रनाम अर्चना कर बांटे गए प्रसाद



## पूजा, हवन के साथ भागवत कथा का समापन

**बिलासपुर।** राजस्व कॉलोनी में साव परिवार द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह का पूजा, हवन, भण्डारा के साथ समापन हुआ। भण्डारा में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद लिया।

भगवान बांके बिहारी की कृपा एवं पूर्वजों के आर्शीवाद से श्री शिव हनुमान मंदिर प्रांगण राजस्व कॉलोनी में भागवत कथा आयोजित की गई। इसमें कथा व्यास पं. दिनेश पाण्डेय द्वारा क्रमशः 7 दिनों तक कुरूक्षेत्र, परीक्षित जन्म, ध्रुव चरित्र, कपिल, जड़भरत, प्रहलाद चरित्र, कृष्ण जन्म, गोवर्धन पूजा, कंस वध, उद्धव चरित्र, कृष्ण-रूकमणी विवाह, सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष की कथा सुनाई गई। अंतिम दिवस तुलसी वर्षा, हवन, सहस्त्रधारा, महाआरती के बाद ब्राह्मण भोज एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कथा एवं संपूर्ण कार्यक्रम में सुनीता देवव्रत साव, मुख्य यजमान वर्षा मनीष साव, मनीषा विकास साहू सहित राजस्व कॉलोनी, संजय हाईट्स, कपिलनगर, अशोकनगर एवं सरकंडा के श्रद्धालु भक्तों ने कथा श्रवण कर ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन को सफल बनाने में श्री रामचरित मानस मंडली, श्री हनुमान शाखा एवं शिव भजन महिला मंडली के सदस्यों का सहयोग रहा।

### शिव हनुमान मंदिर प्रांगण में सात दिनों तक बही भक्ति की बयार



## विश्व हिन्दू परिषद की बैठक में लिए गए कई निर्णय

**बिलासपुर।** विश्व हिन्दू परिषद बिलासपुर द्वारा 9 अप्रैल गुरुवार को संघ कार्यालय जूना बिलासपुर में आयोजित जिला बैठक में प्रांत मंत्री पूर्णेन्द्र सिन्हा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर सुनील शर्मा, प्रेमलता बिसेन एवं शिशुपाल सिंह, संदीप गुप्ता, मनीष मोटवानी, प्रमोद कश्यप, प्रीति दुबे एवं भारती सिंह सहित विभाग मंत्री राजीव शर्मा, यशवंत सिंह परिहार उपस्थित रहे।




बिलासपुर जिले से जिला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता, प्रकाश त्रिवेदी एवं डॉ. के.के. साव, विक्रांत केशरवानी, भूमिका रॉयल एवं राकेश गोयल उपस्थित रहे। वहीं मुंगेली जिले से जिला मंत्री पद्मराज, जिला संयोजक ब्रजेश शर्मा एवं जिला कोषाध्यक्ष प्रकाश संतवानी की सहभागिता रही।

बैठक में प्रांत मंत्री श्री सिन्हा ने बताया कि फरवरी माह में धर्म रक्षा निधि अभियान संचालित किया गया, जिसके पश्चात विभिन्न स्थानों पर रामोत्सव का आयोजन हुआ। उन्होंने जानकारी दी कि मुंगेली जिले में 21 स्थानों पर तथा बिलासपुर में 45 स्थानों पर रामोत्सव सम्पन्न हुआ। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपेक्षा की कि कार्य प्रारंभ करने से पूर्व स्थान एवं कार्यकर्ताओं का निर्धारण कर तत्पश्चात तिथि तय करें। वर्तमान में जिले में 88 समितियाँ कार्यरत हैं, जिन्हें और सशक्त बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि मातृशक्ति वर्ग 7 से 10 मई को राजनांदगांव में, दुर्गा वाहिनी वर्ग 16 से 23 मई को बिलासपुर में, बजरंग दल वर्ग 24 मई से 1 जून तक रायपुर में तथा परिषद वर्ग 5 से 14 जून तक दुर्ग में आयोजित किए जाएंगे।

अगली प्रांत बैठक से पूर्व प्रत्येक खंड में समिति गठन का लक्ष्य पूर्ण किया जाए। विधि प्रकोष्ठ प्रमुख एवं उप प्रमुखों की बैठक 18 अप्रैल को रायपुर में तथा मंत्रियों का वर्ग 19 से 21 जून को कवर्धा में होगी। सुनील शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में नैतिक मूल्यों का ह्रास गंभीर चिंता का विषय है।

**स्पोर्टर्स न्यूज**

## अंडर 19 क्रिकेट में साउथ जोन की दूसरी और नार्थ जोन की पहली जीत

**बिलासपुर।** सीएससीएस मेंस अंडर 19 चैलेंजर ट्राफी क्रिकेट प्रतियोगिता में साउथ जोन की टीम ने लगातार दूसरी जीत और नार्थ जोन ने अपनी पहली जीत हासिल की है।

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के सचिव विंटेश अग्रवाल ने बताया कि अंडर 19 वनडे चैलेंजर ट्रॉफी 2026 का आयोजन किया जा रहा है। तीसरे दिन शनिवार को पांचवा मैच रेलवे मैदान में नॉर्थ जोन बनाम सेंट्रल जोन के मध्य मैच खेला गया। सेंट्रल जोन के कप्तान धनंजय नायक ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। नॉर्थ जोन की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 48.5 ओवर में 257 रन बनाकर आउट हो गई। नॉर्थ जोन की ओर से बल्लेबाजी करते हुए युवराज विश्वकर्मा ने सबसे अधिक 74 रन, विकेट कीपर आदित्य वर्मा ने 58 रन, श्रीसंत खरे ने 44 रनों का योगदान दिया। सेंट्रल जोन की ओर से गेंदबाजी करते हुए आयुष कुमार सिंह ने तीन विकेट, युक्तिज्ञ प्रसाद वर्मा ने भी तीन विकेट प्राप्त किया। इसके पश्चात सेंट्रल जोन ने निर्धारित 50 ओवर में 258 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 49.5 ओवर में 234 से बनाकर पूरी टीम आउट हो गई। सेंट्रल जोन की ओर से बल्लेबाजी करते हुए अंशुमन ठाकुर ने 64 रन और युक्तिज्ञ प्रसाद वर्मा ने 58 रनों की पारी खेली। नॉर्थ जोन की ओर से गेंदबाजी करते हुए प्रक्षाल जैन ने चार विकेट और देव ऋषित ने तीन विकेट प्राप्त किया। इस तरह नॉर्थ जोन ने अपनी पहली जीत 23 रनों से प्राप्त कर चार अंक प्राप्त किया। मैच के निर्णायक शैलेश उपाध्याय और दी बालाजी कुमार, स्कोरर महेश दत्त मिश्रा थे। राजा रघुराज सिंह स्टेडियम में टूर्नामेंट का छठवां मैच ईस्ट जोन बनाम साउथ जोन के मध्य मैच खेला गया। साउथ जोन के कप्तान फैज खान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। ईस्ट जोन की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 32.3 ओवर में मात्र 107 बनाकर पूरी टीम आउट हो गई। टीम की ओर से श्रेयश सिंह ने 17 रन और शैवाल सरकार ने 15 रनों का योगदान दिया। साउथ जोन की ओर से गेंदबाजी करते हुए आनंद त्रिपाठी और अंकित मिश्रा ने तीन-तीन विकेट, सिद्धांत अजय गोयल ने दो विकेट प्राप्त किया। साउथ जोन ने 108 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 17.5 ओवर में 7 विकेट होकर लक्ष्य को प्राप्त किया। साउथ जोन की ओर से बल्लेबाजी करते हुए कप्तान फैज खान ने नाबाद 29 रन बनाएं।



### सातवां और आठवां मैच आज

रविवार 12 अप्रैल को सातवां और आठवां मैच खेला जाएगा। इसमें रेलवे स्टेडियम में वेस्ट जोन बनाम साउथ जोन और रघुराज सिंह स्टेडियम में ईस्ट जोन बना सेंट्रल जोन के मध्य मैच होगा।

# बीमा व निवेश: आज की समझ कल की सुरक्षा




## बीमा सेवाओं के क्षेत्र में एक विश्वसनीय मोहम्मद फारुक

भारतीय जीवन बीमा निगम के वरिष्ठ अभिकर्ता मोहम्मद फारुक शहर में बीमा सेवाओं के क्षेत्र में एक विश्वसनीय नाम बनकर उभरे हैं। वे अध्यक्ष क्लब सदस्य एवं मुख्य जीवन बीमा सलाहकार के रूप में कार्यरत हैं और अपने अनुभव व समर्पण के दम पर ग्राहकों को उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। उनका अभिकर्ता कोड 00008 38H है। मोहम्मद फारुक द्वारा संचालित प्रीमियम कलेक्शन सेंटर के माध्यम से ग्राहकों को समय पर प्रीमियम जमा करने, पॉलिसी से जुड़ी जानकारी और सलाह जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उनके केंद्र पर ग्राहकों को सरल, पारदर्शी और भरोसेमंद सेवाएं मिल रही हैं। उनका कार्यालय इन्श्योरेंस प्वाइंट, बी-2, पहली मंजिल, साई प्लाजा, सी.एम.डी. कॉलेज के सामने, लिंक रोड, बिलासपुर (छत्तीसगढ़) में स्थित है। मोहम्मद फारुक का कहना है कि उनका उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को जीवन बीमा के प्रति जागरूक करना और उन्हें सुरक्षित भविष्य की दिशा में मार्गदर्शन देना है। लाइफ़टाइम चेयरमैन क्लब सदस्य, वर्ष 2007 का अंतिम प्रीमियम कलेक्शन सेंटर, चेयरमेन श्री एस.बी. माथुर से 2003 में अवार्ड से पुरूस्कृत किया गया। 1990 से निरंतर एक जिम्मेदारी अभिकर्ता के रूप कार्यरत है। सम्पूर्ण परिवार की सुरक्षा हेतु सम्पर्क करे।

## बीमा क्षेत्र में चन्द्रकांत की सफलता, ग्राहकों को दे रहे विशेष सेवाएं

बिलासपुर। शहर के प्रतिष्ठित बीमा सलाहकार चन्द्रकांत श्रीवास बीमा क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट सेवाओं और उपलब्धियों के लिए लगातार चर्चा में हैं। LIC इंश्योरेंस वर्ल्ड से जुड़े चन्द्रकांत श्रीवास ने अपने कार्य के दम पर CLIA डायमंड ब्रिज मेंबर, CM क्लब मेंबर और MDRT जैसी प्रतिष्ठित उपलब्धियां हासिल की हैं। चन्द्रकांत श्रीवास का कहना है कि "बीमा तो बहुत लोग करते हैं, लेकिन हम इसे एक विशेष तरीके से करते हैं", जिसके चलते वे अपने ग्राहकों को बेहतर और भरोसेमंद सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। उनकी कार्यशैली और समर्पण के कारण कई परिवारों को आर्थिक सुरक्षा मिली है और लोगों में बीमा के प्रति जागरूकता भी बढ़ी है। वे टीम मैनेजर एवं LIC एजेंसी रिक्रूटमेंट ऑफिसर के रूप में भी कार्य कर रहे हैं और युवाओं को इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उनका कार्यालय महाराणा प्रताप चौक रोड, SBR कॉलेज ब्रिज के नीचे, बिलासपुर (छत्तीसगढ़) में स्थित है। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि चन्द्रकांत श्रीवास की इस सफलता से शहर का नाम रोशन हो रहा है और अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिल रही है। LIC अधिकृत प्रीमियम संग्रहण केन्द्र है। जिसमें 24 घंटे सर्विस देते है सैकड़ो से ज्यादा लोगों को स्टाईपेड स्कीम से रोजगार दिए है अपने मेहनत ईमानदारी के बल पर पूरे भारत में कई परिवारों को सुरक्षा दे रहे है। चंद्रकांत श्रीवास जी को इस उत्कृष्ट कार्य के लिए राष्ट्रीय लेवल में भारत के बड़े-बड़े शहर में बड़े-बड़े वरिष्ठ पदाधिकारी के हाथ से कई बार सम्मान भी मिला है।




## बीमा सेवा के साथ त्रिपाठी बढ़ा रहे है जागरूकता




बिलासपुर। शहर के अनुभवी बीमा अभिकर्ता नितिन त्रिपाठी पिछले वर्ष 1999 से बीमा क्षेत्र में लगातार सेवाएं दे रहे हैं। अपने लंबे अनुभव और समर्पण के चलते उन्होंने हजारों लोगों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।नितिन त्रिपाठी का मानना है कि "जीवन की बस एक ही सीमा है, इसलिए सुरक्षा बीमा बेहद जरूरी है।" वे लोगों को सही बीमा योजनाओं की जानकारी देकर उनके भविष्य को सुरक्षित बनाने का कार्य कर रहे हैं। उनकी सेवाओं के कारण कई परिवारों को कठिन समय में आर्थिक सहारा मिला है। वे ओम साईं कंसल्टेंसी के माध्यम से अपनी सेवाएं दे रहे हैं, जो साईं दरबार के सामने, श्रीकांत वर्मा मार्ग, बिलासपुर (छत्तीसगढ़) में स्थित है। यहां नागरिकों को विभिन्न प्रकार की बीमा योजनाओं के बारे में मार्गदर्शन दिया जाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार, नितिन त्रिपाठी की ईमानदार कार्यशैली और वर्षों का अनुभव उन्हें इस क्षेत्र में एक भरोसेमंद नाम बनाता है। वे न केवल बीमा सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, बल्कि लोगों में बीमा के प्रति जागरूकता भी बढ़ा रहे हैं।

## छोटी बचत से बड़ा फंड बनाता है एसआईपी म्यूचुअल फंड

SIP है नियमित अंतराल पर एक निश्चित राशि निवेश करना। यह म्यूचुअल फंड में निवेश करने का सबसे लोकप्रिय तरीका है क्योंकि इसमें आप छोटी-छोटी किस्तों से भी लंबी अवधि में बड़ा फंड बना सकते हैं। SIP निवेश की खास बातें: 1. निवेश राशि 500 से भी शुरुआत कर सकते हैं। 2. निवेश आवृत्ति - मासिक, तिमाही या साप्ताहिक। 3. मार्केट रिस्क का औसत - अलग-अलग समय पर निवेश होने से जोखिम कम होता है। 4. कंपाउंडिंग का लाभ - रिटर्न पर भी रिटर्न मिलता है, जिससे समय के साथ धन तेज़ी सेहाल ही में वैश्विक स्तर पर बढ़े तनाव और युद्ध जैसे हालातों के कारण शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली है। इस गिरावट का असर म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री पर भी पड़ा है, जिससे कई फंड्स की एनएवी (नेट एसेट वैल्यू) कम हो गई है। वित्तीय विशेषज्ञों का मानना है कि इस समय निवेशकों के लिए यह एक अच्छा अवसर हो सकता है। लार्ज कैप, लार्ज एंड मिड कैप, स्मॉल कैप और मल्टी कैप जैसे विभिन्न म्यूचुअल फंड्स में कम कीमत पर निवेश किया जा सकता है, जिससे भविष्य में बेहतर रिटर्न मिलने की संभावना बढ़ जाती है। साथ ही विशेषज्ञ यह भी सलाह दे रहे हैं कि मौजूदा अनिश्चित परिस्थितियों को देखते हुए हेल्थ इंश्योरेंस लेना भी बेहद जरूरी है।




## डाक घर बचत योजनाओं से संबंधित जमा और निकासी के लिए डीएस कंसल्टेंसी

डाक घर द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित जमा और निकास के लिए ग्राहक हेड पोस्ट आफिस के पास तिलक नगर स्थित डीएस कंसल्टेंसी से संपर्क कर सकते हैं। इसके संचालक सतपल सिंह और आकांक्षा सिदान ने बताया कि कंसल्टेंसी से संपर्क कर डाक द्वारा




डाक घर द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित जमा और निकास के लिए ग्राहक हेड पोस्ट आफिस के पास तिलक नगर स्थित डीएस कंसल्टेंसी से संपर्क कर सकते हैं। इसके संचालक सतपल सिंह और आकांक्षा सिदान ने बताया कि कंसल्टेंसी से संपर्क कर डाक द्वारा चलाई जा रही है विभिन्न योजनाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के अलावा कई जमा योजनाओं का लाभ भी प्राप्त कर सकते हैं। यहां तक हमसे संपर्क कर अपनी बचत योजनाओं का में वृद्धि कर सकते हैं। हम आपकों देंगे डाक घर बचत खाता, 5 वर्षीय डाक घर आवती जमा, 1 से 5 वर्ष तक डाक घर सावधि जमा, 5 वर्षीय डाक घर मासिक आय योजना, 5 वर्षीय सीनियर सिटीजन सेविंग स्कीम, 15 वर्षीय भविष्य निधि खाता का लाभ यहां से बिना किसी असुविधा के ले सकते हैं। इतना ही नहीं डाक घर की 5 वर्षीय राष्ट्रीय बतच पत्र, किसान विकास पत्र रकम डबल करने, श्रीराम फायनेंस लिमिटेड की एफडी योजनाओं का पूरा लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा अन्य सुविधाओं जिसमें इन्कम टैक्स छूट के लिए श्रीराम फायनेंस की एफडी एवं बीमा, जीवन बीमा हेल्थ इंश्योरेंश, टर्म प्लान एसआईपी म्युचुअल फंड का भी लाभ ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए डीएस कंसल्टेंसी से संपर्क करें।

## वेदिका इन्वेस्टमेंट्स की नई पहल: निवेश और बीमा जागरूकता पर जोर

शहर में वित्तीय जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वेदिका इन्वेस्टमेंट्स ने निवेश और बीमा सेवाओं को लेकर एक नई पहल शुरू की है। संस्था का उद्देश्य लोगों को सही वित्तीय योजना के माध्यम से भविष्य को सुरक्षित बनाना है। संस्था द्वारा दी जा रही सेवाओं में म्यूचुअल फंड (SIP व लंप सम), जीवन बीमा, स्वास्थ्य बीमा, वाहन बीमा, टर्म प्लान और फैमिली प्रोटेक्शन प्लान शामिल हैं। इसके साथ ही रिटायरमेंट प्लानिंग, बच्चों के भविष्य की योजना और टैक्स सेविंग निवेश (ELSS) जैसे विकल्प भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। संस्था का मानना है कि बढ़ती महंगाई के दौर में सही निवेश ही आर्थिक सुरक्षा का सबसे प्रभावी तरीका है। इसी संदेश के साथ "आज का सही निवेश, कल की सुरक्षित जिंदगी" का अभियान चलाया जा रहा है। वेदिका इन्वेस्टमेंट्स से जुड़े ए एम एफ आई रजिस्टर्ड म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर गोविंद सिंह राठौर ने बताया कि लोगों को वित्तीय योजना को प्राथमिकता देनी चाहिए, क्योंकि यह अब विकल्प नहीं बल्कि जरूरत बन चुकी है। संस्था का कार्यालय वृंदावन प्लाजा, नेहरू चौक, बिलासपुर में स्थित है, जहां लोग व्यक्तिगत सलाह लेकर अपने वित्तीय लक्ष्यों के अनुसार योजना बनाकर अपने भविष्य के सपनों को साकार कर सकते है।



## खबर संक्षेप

### जांजगीर-चांपा की अंडर-16 टीम में सुयश का चयन



**मुंगेली।** जलेश यादव सहित अन्य लोगों के सहयोग से चलने वाली क्रिकेट अकादमी लगातार आसमान की बुलंदियों को छू रही है। सुयश डिंडोरे पिता भुवन डिंडोरे का चयन जांजगीर-चांपा जिले की अंडर 16 क्रिकेट टीम में हुआ है। सुयश के चयन होने पर सभी लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है। उक्त जानकारी सन राइस क्रिकेट सोसायटी मुंगेली के संचालक व कोच जलेश यादव ने दी।

### भाजपा महिला मोर्चा ने किया वरिष्ठों को सम्मानित

**लोरमी।** ग्राम डिंडौल में 'गांव चलो-बस्ती चलो' अभियान के तहत भाजा महिला मोर्चा के नेतृत्व में योजनाओं लाभार्थियों से योजना के बारे में चर्चा की गई। इस मौके पर वरिष्ठजनों को शॉल, श्रीफल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के प्रभारी संगीता पांडे, प्रतिमा डेहरे, पुष्पा सिंह, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा अंजना देवी दास, मंडल अध्यक्ष सुशील यादव, संतोष साहू, संदीप सोनी, सावित्री राजपूत, रेखा ठाकुर, पूर्णिमा यादव पार्षद, धारणीय राजपूत, सरपंच प्रतिमा साहू, भारती साहू, प्रतिमा श्रीवास, पूर्णिमा अहिरवार, मंटी जायसवाल, पूजा गुप्ता, सरस्वती साहू, पूजा साहू सहित बड़ी संख्या में ग्राम ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### पोषण पखवाड़ा: निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता कार्यक्रम

लोरमी। पोषण पखवाड़ा 9 से 23 अप्रैल तक मनाया जा रहा है। इसी तारतम्य में ग्राम सेमरसल में जिला आयुष अधिकारी डॉ यामिनी शर्मा के मार्गदर्शन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ संदीप कुमार श्रीवास ने उपस्थित महिलाओं एवं बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा उन्हें आयुर्वेद के अनुसार स्वस्थ दिनचर्या अपनाने की सलाह दी। उन्होंने विशेष रूप से कुपोषण एवं एनीमिया जैसी समस्याओं से बचाव हेतु संतुलित आहार, आयरन युक्त भोजन एवं नियमित दिनचर्या के महत्व के बारे में जानकारी दी। साथ ही महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि, सही खान-पान एवं दिनचर्या अपनाकर कुपोषण और एनीमिया जैसी समस्याओं से आसानी से बचा जा सकता है। इस अवसर पर ईश्वर सिंह ध्रुव, हाथीराम यादव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता इंदु साहू, अर्चना पांडेय, सहायिका अमरौतिन निषाद एवं निशान मीना साहू मौजूद रहे।

### आयुर्वेद स्वास्थ्य परीक्षण व चिकित्सा शिविर, 35 मरीज लाभान्वित

मुंगेली। जिला चिकित्सालय की ओर से आम नागरिकों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए गोल बाजार बजरंग बली मंदिर परिसर में एक दिवसीय निशुल्क आयुर्वेद स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत आयोजित इस शिविर में अनुभवी डॉक्टर्स की टीम ने मरीजों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें उचित परामर्श दिया।


## निधन

### विपिन शर्मा



**बिलासपुर।** टेकर (भरारी) निवासी प्राचार्य विपिन शर्मा का निधन 11 अप्रैल शनिवार को सुबह 10.30 को हो गया। वे 58 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार ग्राम टेकर में किया गया । वे विजय मोहन शर्मा के भाई एवं जयप्रकाश एवं जगमोहन पांडेय के चाचा और आयुष शर्मा के पिता थे।

### लाल बहादुर बजाज



**बिलासपुर।** नारियल कोठी गौशाला रोड निवासी लाल बहादुर बजाज का 11 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मधुबन मुक्तिधाम संत कंवर राम शमशान गृह दयालबंद में किया गया। वे डेटा राम बजाज के पुत्र थे।

## अवैध रेत उत्खनन रोकने पहुंची थी वन विभाग की टीम

# रेत माफियाओं ने किया वनकर्मियों पर हमला, तीन घायल, 1 गंभीर

**लोरमी।** वनक्षेत्र के ग्राम झरिया के भुकूनाला में अवैध रेत उत्खनन रोकने गए 6 वनकर्मियों के ऊपर रेत माफियाओं द्वारा हमला करने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। हमले घायल तीन वन रक्षकों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, एक को हालत गंभीर हालत में बिलासपुर रेफर किया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात 8 बजे खुड़िया वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम झिरिया के कक्ष क्रमांक 481 के भुकुनाला में अवैध रेत उत्खनन व परिवाहन की शिकायत पर वनरक्षक निलेश सोनकर, योगेश बरेठ एवं अभिषेक बर्मन सहित कुल 6 वनकर्मी वनभूमि के नाले में हो रहे अवैध रेत खनन व परिवहन पहुंचे थे। वन विभाग की टीम ने पाया कि, मौके पर वाहन आयसर ट्रेक्टर सीजी 28 ओ 5326 की ट्रॉली में रेत का अवैध उत्खनन कर भरा जा रहा था। वन कर्मचारियों ने इसे रोकते हुए वन क्षेत्र में



गश्त की, तो अवैध खनन में संलिप्त 5 अन्य वाहन वनक्षेत्र में पाए गए। जब टीम ने वाहनों को रोकने की कोशिश की तो वाहन चालक वाहन सहित फरार होने लगे मौके। हालांकि वन विभाग की टीम में 2 वाहनों को रोकने में सफलता प्राप्त की। टीम वाहनों को वनक्षेत्र से मुख्य मार्ग तक ला रही थी, इसी दौरान ग्राम झिरिया के आरोपियों ने रात लगभग 11.20 अंधेरे का फायदा उठाकर वनकर्मियों पर प्राण घातक हमला कर दिया गया। हमले में परिसर रक्षक सरगढ़ी निलेश कुमार सोनकर वनरक्षक, योगेश बरेठ वनरक्षक दुल्लापुर, अभिषेक बर्मन वनरक्षक परिसर रक्षक चचेड़ी को गंभीर चोट आई। घायल वनकर्मियों को जिसे देर रात 50 बिस्तर अस्पताल में भर्ती कराया गया। अभिषेक बर्मन की कंधे एवं सिर में गंभीर चोट होने के कारण बिलासपुर रेफर किया गया, वहीं दो अन्य वनरक्षकों को पैर एवं शरीर मे चोट आई जिसे प्राथमिक उपचार किया गया। पुलिस ने प्राथी वनरक्षक नीलेश सोनकर की रिपोर्ट पर आरोपी राजकुमार यादव पिता हरिराम यादव एवं राजेश यादव पिता हरिराम यादव निवासी ग्राम झिरिया के विरूद्ध बीएनएसएस की धारा 296,115,(2), 351(3), (3),(5) के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया।

**ग्रामीणों ने बचाई जान**

वन परिक्षेत्र खुड़िया के गश्ती कार्य के दौरान कर्मचारियों के उपर किए गए प्राणघातक हमले के दौरान सरपंच सरगढ़ी चंदर तिलगाम एवं पूर्व सरपंच झिरिया नरेश तिलगाम ने बीच-बचाव करते हुए कर्मचारियों को भीड़ से बाहर निकाल कर सुरक्षा प्रदान की।

**रिपोर्ट दर्ज कराई गई**

तीनो घायलों का उपचार कराया गया एवं प्राथी के साथ आरोपियों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

-**रविन्द्र धिरही**, वनपरिक्षेत्र अधिकारी खुड़िया

**कार्रवाई की जा रही है**

देर रात झिरिया के भुकूनाला में अवैध रेत माफियाओं ने वनकर्मियों के ऊपर हमला कर घायल कर दिया। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवा कर अग्रिम एवं आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

- **दशांश सुर्यवंशी**, एसडीओ

# आज विधायक सुशांत क्षेत्र को देंगे विकास की बड़ी सौगात

**बेलतरा।** बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में विकास की नई इबारत लिखने रविवार 12 अप्रैल को विभिन्न निर्माण कार्यों के शिलापूजन व लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला की विशेष उपस्थिति रहेगी। साथ ही महापौर पूजा विधानी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों भी मौजूद रहेंगे।



■ 12 करोड़ से अधिक के कार्यों का करेंगे शिलापूजन, लोकार्पण

**इन कार्यों का होगा लोकार्पण व शिलापूजन:** कार्यक्रम में 3 सिटी बसों का शुभारंभ, 18 लाख से हुए हरश्रृंगार सामुदायिक भवन में बाउंड्रीवाल एवं मरम्मत एवं वार्ड 48 मोपका चौक में 100 लाख के गार्डन का लोकार्पण किया जाएगा। वहीं 132.36 लाख की लागत से बनने वाले सीपत-बेलतरा मुख्य मार्ग से भाड़ी पहुंच मार्ग निर्माण, पौसरा-सेलर मार्ग पर खारून नदी पर 518.46 लाख की लागत से होने वाले पुल निर्माण, राजकिशोरनगर से शनि मंदिर तक सड़क चौड़ीकरण एवं नाली निर्माण लागत 417.15 लाख, लिंगियाडीह प्राथमिक शाला में बाउंड्रीवाल एवं अन्य निर्माण कार्य लागत 19 लाख एवं 12 लाख की लागत से बनने वाले लिंगियाडीह आंगनबाड़ी भवन क्र 10 के निर्माण का शिलापूजन किया जाएगा। इस तरह कुल 12 करोड़ 16 लाख 97 हजार रुपए कि विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलापूज किया जाएगा।

# जल स्रोत के पानी में पेट्रोल की गंध आने से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

स्टेडियम स्थित जल स्रोत से पेट्रोल जैसी तेज गंध वाला पानी निकलने लगा, जिसके सेवन से कुछ लोगों की तबियत बिगड़ने लगी। इससे क्षेत्र में चिंता और दहशत का माहौल है।

■ दूषित पानी पीने से बिगड़ी लोगों की तबियत

जानकारी के अनुसार प्रतिदिन की तरह सुबह बड़ी संख्या में खेल प्रेमी स्टेडियम में क्रिकेट, योग और व्यायाम के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान कुछ लोगों ने स्टेडियम में लगे जल स्रोत से बोतलों में पानी भरकर पिया। पानी पीते ही उन्हें उसके रंग और गंध में असामान्यता महसूस हुई। जानकारी होने पर नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला, मुख्य नगर पालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर, इंजीनियर नेमीचंद वर्मा मौके पर



पहुंचे और पानी का सैम्पल लिया। बताया जा रहा है कि, पानी से पेट्रोल जैसी तेज गंध आ रही थी। स्टेडियम में मौजूद लोगों ने बताया कि, जैसे ही उन्होंने इस पानी का उपयोग किया, कुछ ही देर में उन्हें जी मिचलाने और उल्टी जैसी शिकायत होने लगी।

इसके बाद वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया और कई लोगों ने पानी पीना बंद कर दिया। स्थानीय लोगों का अनुमान है कि, जल स्रोत के आसपास किसी पेट्रोल पंप या ज्वलनशील पदार्थ के टैंक से रिसाव होकर पेट्रोल भूजल में मिल गया होगा, जिससे पानी दूषित हो गया है। उन्होंने आशंका जताई कि, यदि समय रहते इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया, तो दूषित पानी के कारण डायरिया और पेट से जुड़ी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है।

# दो दिवसीय अरपा बचाओ अभियान यात्रा पहुंची पेंड्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासा कला मंच की ओर से पिछले 20 वर्षों से 'अरपा बचाओ अभियान' के तहत हर वर्ष दो दिवसीय उद्गम से संगम तक जागरण यात्रा निकाली जाती है।

■ अरपा भैंसाझार व चांपी जलाशय का किया निरीक्षण

अमरपुर पेंड्रा से लेकर शिवनाथ नदी मंगला पासीद तक की यह यात्रा अरपा और उसकी 40 सहायक नदियों के अस्तित्व को बचाने के लिए किए जाने वाला एक अभियान है। इसी उदेश्य को लेकर डॉ सोमनाथ यादव के नेतृत्व में शनिवार 11 अप्रैल को सुबह 8 बजे राघवेंद्र राव सभा भवन से 'अरपा बचाओ अभियान' यात्रा दल रवाना हुआ। यात्रा दल मंगला, घुटकु होते हुए अरपा भैंसाझार जलाशय




पहुंचा, जहां संपूर्ण जलाशय जलकुंभी से भरा हुआ है, जल भराव भी कम है, और यही हाल चांपी जलाशय का है। यहां से यात्रा दल अरपा उदगम स्थल अमरपुर पेंड्रा पहुंची, जहां अरपा उदगम बचाओ संघर्ष समिति पेंड्रा के सदस्यों के साथ निरीक्षण किया गया। इस दौरान पाया गया कि, स्थिति जस की तस है, वहीं प्रशासन की ओर से भू-अर्जन का काम मंद गति से चल रहा है। सिंचाई विभाग के द्वारा साढ़े तीन करोड़ रूपए की निविदा कुंड निर्माण एवं उदगम स्थल के विकास हेतु जारी की जा चुकी है, लेकिन भू-अर्जन की प्रकिया शिथिल होने के कारण कार्य अटका हुआ है।

**आज वापस बिलासपुर पहंचेगा यात्रा दल**

यात्रा दल 12 अप्रैल को पेंड्रा से खोडरी खोंगसरा, कोनचरा होते हुए बेलगहना, और वहां से रतनपुर पहुंचेगा, जहां नगर के प्रबुद्धजनों के साथ तालाबों के संरक्षण पर चर्चा तथा सफाई कार्य उपरांत सेंदरी, कोनी होते हुए शाम को बिलासपुर में यात्रा का समापन होगा। 11 अप्रैल को सुबह 8 बजे रवाना होने वाला यह दल समाज को नदियों और जल स्रोतों के प्रति अपनी जिम्मेदारी याद दिलाते और समस्याओं को समझाते हुए आगे बढ़ा। इस अभियान में अरपा बचाओ यात्रा दल के संयोजक डॉ सोमनाथ यादव के साथ डा सुधाकर बिबे, राजेंद्र मौर्य, देवानंद दुबे, रामेश्वर गुप्ता, एमडी मानिकपुरी, अश्विनी पाण्डेय और अनूप श्रीवास के साथ अरपा उदगम बचाओ संघर्ष समिति पेंड्रा के अध्यक्ष अक्षय नामदेव, संरक्षक रामनिवास तिवारी आदि लोग शामिल हैं।

# एनटीपीसी सीपत में रक्तदान शिविर, 76 लोगों ने दिया ब्लड




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

एनटीपीसी सीपत के चिकित्सालय में शनिवार 11 अप्रैल को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर 14 अप्रैल को मनाई जाने वाली भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में एनटीपीसी सीपत के अनुसूचित जाति-जनजाति कर्मचारी एसोसिएशन, एनटीपीसी सीपत हॉस्पिटल एवं बिलासा ब्लड सेंटर, बिलासपुर के संयुक्त प्रयास से आयोजित किया गया।

शिविर का उद्घाटन परियोजना प्रमुख स्वपन कुमार मंडल एवं शिखा मंडल अध्यक्षा संगवारी महिला समिति ने किया गया। रक्तदान, जीवनदान की थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में एनटीपीसी सीपत के कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान कुल 76 लोगों ने रक्तदान कर इस सामाजिक कार्य में सहभागिता निभाई। इस अवसर पर सुरोजित सिन्हा, विकास खरे, अनुराग गौतम, जयप्रकाश सत्यकाम, डॉ भवनीश समन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य विभागों के अध्यक्ष, यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधि व संगवारी महिला समिति की सदस्याएं भी उपस्थित रहीं। शिविर के दौरान चिकित्सा टीम ने रक्तदान की समस्त प्रक्रिया को सुरक्षित एवं सुचारु रूप से संपन्न कराया।

# परशुराम जन्मोत्सव को लेकर सर्व ब्राह्मण परिषद की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

भगवान श्री परशुराम जी के जन्मोत्सव को भव्य रूप से मनाने के लिए सर्व ब्राह्मण परिषद पेंड्रा की ओर से हनुमान मंदिर अंजनी वाटिका में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की समुचित व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की गई तथा विभिन्न जिम्मेदारियां पदाधिकारियों और सदस्यों को सौंपी गईं। बैठक में उपस्थित विप्र समाज के सदस्यों ने बताया कि, हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान परशुराम का जन्मोत्सव उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए अलग-अलग व्यवस्थाओं का निर्धारण करते हुए जिम्मेदारियां तय की गईं। बताया गया कि, जन्मोत्सव के अंतर्गत दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 20 अप्रैल को विधि-विधान से पूजन किया जाएगा, इसके बाद 2 मई को महिलाओं एवं बच्चों के लिए



विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी, जिनमें फैंसी ड्रेस, मेहंदी, चित्रकला, नृत्य एवं गायन प्रतियोगिता शामिल हैं। सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। इसके साथ ही 3 मई को पूजन, भव्य शोभायात्रा एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजनों की भागीदारी रहने की संभावना है। बैठक में प्रमुख रूप से पवन त्रिपाठी, श्रीकांत चतुर्वेदी, डॉ मृत्युंजय शर्मा, आलोक तिवारी, उपेंद्र तिवारी, ज्ञानेन्द्र चतुर्वेदी, सूर्यकांत चतुर्वेदी, उज्जवल तिवारी, महेश मिश्रा, सचिन तिवारी, बलराम तिवारी, राकेश त्रिपाठी, अवनीश पाण्डेय, गगन मिश्रा, धनंजय शर्मा, के.के. तिवारी, विमल मिश्रा, अक्षय तिवारी, अभिषेक मिश्रा सहित विप्र समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

**बाइक सवार युवक गिरे नाले में**

कोरबा। शुक्रवार रात डीएम रोड स्थित साईं पैलेस के पास एक खुले नाले में मुड़ापार निवासी बाइक सवार युवक ओम प्रकाश गिर गया। इस हादसे में युवक को चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार, ओम प्रकाश अपनी बाइक से डीएम रोड से गुजर रहे थे।

# नवागांव घु में अतक्रिमण पर प्रशासन की कार्रवाई

**मुंगेली।** ग्राम पंचायत नवागांव घु में प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटाने की प्रभावी कार्रवाई की गई। तहसीलदार मुंगेली के नेतृत्व व मुंगेली पुलिस की उपस्थिति में कार्रवाई शांति और सुव्यवस्था के साथ हुई। तहसीलदार कुणाल पाण्डेय ने बताया कि, यह कार्रवाई ग्राम पंचायत के प्रस्ताव एवं उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार की गई है। पुलिस की मौजूदगी के कारण पूरे अभियान के दौरान कानून-व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में रही व किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। प्रशासन ने ग्रामीणों से अपील की है कि, वे सार्वजनिक स्थलों पर कब्जा न करें और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। इस अभियान के बाद ग्राम नवागांव घु में सड़कें साफ-सुथरी नजर आईं और आम नागरिकों ने राहत की सांस ली। ग्रामीणों ने प्रशासन की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि, इससे गांव का वातावरण स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनेगा। इस अवसर पर गांव के सरपंच नारायण साहू सहित पंच मौजूद रहे।

### सिविल जज बनीं रिद्धि समाज में हर्ष का महौल



पेंड्रा। कसौधन वैश्य समाज के लिए गर्व का विषय है कि, गौरेला निवासी रिद्धि गुप्ता का चयन महाराष्ट्र में सिविल जज के पद पर हुआ है। उन्होंने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में 20वां रैंक प्राप्त कर न सिर्फ अपने परिवार, बल्कि पूरे समाज का नाम रोशन किया है। रिद्धि गुप्ता, सलिल गुप्ता एवं आशा गुप्ता की पुत्री हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को देते हुए कहा कि, प्रारंभिक शिक्षा से लेकर सिविल जज बनने तक के सफर में उनके माता-पिता का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने बताया कि, जितना संघर्ष उन्होंने किया, उतना ही संघर्ष उनके माता-पिता ने भी किया है, इसलिए यह सफलता उनकी भी है। रिद्धि ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और स्पष्ट लक्ष्य निर्धारण के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है।

**न्यायालय तहसीलदार, पचपेड़ी**
**जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्रं. /अ 6/2026
ग्राम – केंवतरा प.ह.नं.10

एतद्व द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक रेशमलाल पिता श्यामलाल निवासी ग्राम केंवतरा तहसील पचपेड़ी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) ने ग्राम केंवतरा प.ह.नं.10 में स्थित भूमि ख.नं. 440/6 रकबा 0.62 डिस. हे./ एकड़ भूमि जिसका नामांतरण हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की उपस्थित होकर सुनवाई तारीख 13/04/2026 तक प्रस्तुत कर सकते है। मियाद वाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**पचपेड़ी**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै विवेक कुमार दोशी पिता शरद कुमार दोशी अपना पुराना नाम को बदल कर नया नाम विवेक दोशी पिता शरद कुमार दोशी निवासी/पता महामाया विहार, वेयर हाउस रोड, बिलासपुर छ.ग. रख लिया हूँ अत: अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम विवेक दोशी पिता शरद कुमार दोशी से जाना एवं पहचाना जावे।

**शपथकर्ता**
**विवेक दोशी**

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं कौशिक कुमार दोशी पिता शरद कुमार दोशी अपना पुराना नाम को बदल कर नया नाम कौशिक दोशी पिता शरद कुमार दोशी निवासी/पता महामाया विहार, वेयर हाउस रोड, बिलासपुर छ.ग. रख लिया हूँ अत: अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम कौशिक दोशी पिता शरद कुमार दोशी से जाना एवं पहचाना जावे।

**शपथकर्ता**
**कौशिक दोशी**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित जानकारी किया जाता है कि मेरे द्वारा मुकेश कुमार कुर्रे पिता रविदास कुर्रे जाति सतनामी निवासी ग्राम पीपरतराई तहसील कोटा जिला बिलासपुर इनके नाम पर अनुबंधित भूमि मौजा मोहनभाटा प.ह.नं. 20 रा.नि. गनियारी तहसील सकरी जिला बिलासपुर में स्थित भूमि का खसरा नं. 108/1 रकबा 0.247 हे. 0.61 डिसमिल एवं 108/2 रकबा 0.247 हे. 0.61 डिसमिल कृषि भूमि जिसके मूल भूस्वामी साधेलाल एवं शोभाराम दोनो पिता दुलार जाति सतनामी निवासी ग्राम मोहनभाटा तह. कोटा उक्त कृषि भूमि का मुकेश कुमार कुर्रे पिता रविदास कुर्रे को बयाना राशि देकर के रजि. नोटरी इकरारनामा करा लिया गया है। सीमांकन कराने के पश्चात रजि पंजीयन होना था। मुझे स्वयं के जानकारी में ज्ञात हुआ कि मुकेश कुमार कुर्रे, साधेलाल एवं शोभाराम के द्वारा किसी अन्य व्यक्ति को जमीन को बेचने का प्रयास किया जा रहा है। चुकि मेरे द्वारा यह सूचित किया जा रहा है कि मेरी जानकारी के बगैर चोरी छिपे विक्रय कर दिया जाता है तो विक्रेता खरीददार को वाद विवाद कब्जा कानूनी उलझन का सामना करना पड़ जावेगा। सो सूचना जानें।

भवदीय- अजय गुप्ता
पिता स्व. रतनलाल निवासी
व्यापार विहार रतन प्लाजा मो.
9993770950, 9827485990

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है। कि मेरे आसामी ललीता पति लेखराम निवासी रामनगर लिंगियाडीह तह व जिला बिलासपुर (छ.ग.) जुली वर्मा पति दिलिप वर्मा पता रामनगर लिंगियाडीह बिलासपुर, ललिता पति लेखराम पता रामनगर लिंगियाडीह बिलासपुर की ओर से अधिकृत होकर यह आम सूचना प्रकाशित करता हूं कि विक्रेता श्रीपाद पिता यशवंत दाण्डेकर निवासी दयालबंद बिलासपुर (छ.ग.) के नाम से मौजा मोपका प.ह.न. 29 रा.नि.म. मोपका तह व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नं. खसरा नं. 1347/4 रकबा 0.0200 भूमि को विक्रय करने का सौदा किया गया है। उक्त किये जा रहे भूमि विक्रय के संबंध में यदि भी व्यक्ति संस्था निकाय की किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो इस नोटिस प्राप्ति के 60 दिवस के अंदर दस्तावेज के साथ स्वयं या अपने अधिकृत के माध्यम से अपना आपति मेरे कार्यालय में उपस्थित हो कर दर्ज करा सकते है। समयवधि पश्चात दावा आपत्ति स्वीकार नहीं होगा। तथा मेरा पक्षकार उक्त भूमि का विक्रय विलेख-निष्पादित करने हेतु स्वतंत्र होगा। सो सूचना।

रामकुमार सूर्या
अधिवक्ता
पता संत रविदास नगर
करबला तह व जिला बिलासपुर
(छ.ग.), मो. 9329444288

**PUBLIC NOTICE**

**PUBLIC AT LARGE, BANKS, FINANCIAL INSTITUTIONS AND ALL CONCERNED ARE HEREBY INFORMED AS UNDER:**

That Mr. Mayank Agrawal Pan No- BNOPA7367L (DIN: 07643004), S/o. Shri Pawan Kumar Agrawal, R/o. Bilaspur (Chhattisgarh), is a Partner in M/s. Fortune Buildcon, a duly registered partnership firm engaged in real estate and infrastructure development; and associated with Ganpati Infrastructure, Fortune Realties and Fortune Infra Services Private Limited as Director of the said companies.

It is to bring to notice that serious disputes and differences are subsisting and unresolved between Mr. Mayank Agrawal and other partners/directors in relation to the aforesaid entities, including Illegal exclusion from management and business affairs; Denial of access to accounts, records and profits; Unauthorized creation of third-party rights, mortgages, securities and financial liabilities over assets of the entities using forged signatures of Mr. Mayank Agrawal; and Execution of documents and financial instruments without consent and by misuse of the name, position and DIN (07643004) of Mr. Mayank Agrawal.

It is also to caution the general public, banks and any concerned individual that appropriate legal proceedings, have been initiated by Mr. Mayank Agrawal against the aforementioned illegal acts and are pending resolution.

In view of the above, all banks, financial institutions, authorities, developers, purchasers, investors and the general public are hereby strictly cautioned not to enter into any transaction, agreement, loan, mortgage, charge, security or dealing whatsoever with M/s. Fortune Buildcon, Ganpati Infrastructure, Fortune Realties and Fortune Infra Services Private Limited without prior written consent of Mr. Mayank Agrawal.

Any person dealing with the aforesaid entities without such consent shall do so entirely at their own risk, cost and consequences. Mr. Mayank Agrawal (DIN: 07643004) shall not be liable or responsible for any unauthorized transactions, any loans, guarantees or financial facilities, any encumbrances or third-party rights created or any acts, deeds or things done in the name of the above entities without his express consent.

**CLARIFICATION :-** This Public Notice is issued in the interest of safeguarding the legal and financial rights of Mr. Mayank Agrawal and to put all concerned on notice against unauthorized dealings. The contents herein are based on instructions and records and are subject to adjudication before appropriate legal forums.

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त


बेलतरा का बेटा
संवार रहा बेलतरा
विकास के नये आयाम गढ़ता बेलतरा
"शिला पूजन एवं लोकार्पण
सिटी बस सेवा शुभारंभ"
लोकार्पण
शहीद दीपक उपाध्याय उद्यान
दिनांक 12.04.2026 (रविवार)
लोकार्पण
सिटी बस को हरी झण्डी (लोकार्पण) 03 सिटी बस
हरश्रृंगार सामुदायिक भवन में बाउंड्रीवॉल निर्माण एवं अन्य मरम्मत कार्य लागत-18.00 लाख
वार्ड क्रमांक 48 मोपका चौक में गार्डन निर्माण लागत-100.00 लाख
शिला पूजन
सीपत बेलतरा मुख्य मार्ग से भाड़ी पहुंच मार्ग लं. 1.00 किमी का निर्माण कार्य लागत-132.36 लाख
सेलर पौसरा मार्ग में खारून नदी पर पुल का निर्माण लागत-518.46 लाख
राजकिशोरनगर बजरंग चौक से शनि मंदिर तक सड़क चौडीकरण एवं नाली निर्माण कार्य लागत-417.15 लाख
लिंगियाडीह प्राथमिक शाला में बाउण्ड्रीवॉल एवं अन्य निर्माण कार्य लागत-19.00 लाख
लिंगियाडीह में आंगनबाड़ी भवन क. 10 निर्माण कार्य लागत-12.00लाख
कुल लागत -12 करोड़ 16 लाख 97 हजार
आप सभी सादर आमंत्रित हैं...
सुशांत शुक्ला
विधायक बेलतरा विधानसभा
विनीत : समस्त भाजपा कार्यकर्ता बेलतरा विधानसभा क्षेत्र
J.J.Ad

## खबर संक्षेप

### पानी पाउच नहीं लाने से युवक को मारा चाकू

**बिलासपुर।** पानी पाउच लाने से मना करने पर टांका, ब्लेड नामक युवकों ने एक युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, राजकिशोर नगर हरश्रृंगार कालोनी अटल आवास निवासी सुजित कुमार साहू पिता स्व. इंद्रपाल साहू 9 अप्रैल की रात 11.30 बजे घर के पास खड़े थे। इसी दौरान टांका, ब्लेड नामक युवक उनके पास आए और पानी पाउच लेकर आने को कहा। उन्होंने मना किया तो दोनों युवक गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। इसी दौरान एक युवक ने चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने सुजित की रिपोर्ट पर दोनों हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### विक्षिप्त युवक ने कांच तोड़कर अपना पेट फाड़ा

**बिलासपुर।** विक्षिप्त युवक ने दौरा पड़ने पर आईना तोड़कर कांच से



अपना पेट फाड़ लिया है। परिजनों ने उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। सिविल लाइन क्षेत्र के जरहाभाठा मिनीबस्ती निवासी त्रिवेणी बाई पति रेशम लाल ने बताया, उनका बेटा कोमल 35 साल मानसिक रूप से विक्षिप्त है। 10 अप्रैल की सुबह उनका बेटा कोमल शैतान उसे मार रहे हैं कहकर हंगामा मचा रहा था। वह उसे जादू टोना होने की आशंका पर बैगा के पास झाड़फूंक कराने लेकर गए। वह बैगा के पास से घर आकर तखत पर सो गया था। सुबह 11 बजे वह उठा और उसे शैतान मार काट रहे हैं कहते हुए आईना को तोड़ दिया और उसके कांच से अपना पेट फाड़ दिया। जिससे घर में हड़कंप मच गया। उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है।

### घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**बिलासपुर।** ट्रैक्टर की टक्कर से घायल महिला की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई है। चकरभाठा टीआई भावेश शेंडे ने बताया कि खपराखोल निवासी मोहनमती केंवट पति भुखाउराम केंवट 49 साल रोजी मजदूरी का काम करती थी। 10 अप्रैल की सुबह 8.45 बजे नरगोड़ा के पास सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान ट्रैक्टर के चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद महिला को इलाज के लिए बिल्हा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां इलाज के दौरान की उनकी मौत हो गई है।

---

**प्रेसवार्ता में दी जानकारी** | पिता ने पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने और समझौता कराने का लगाया आरोप

# नाबालिग बेटे से दोस्तों ने नकली सोना रखवाकर 60 से 70 लाख का असली सोना व पैसा चोरी कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पालीटेक्निक कालेज में पढ़ने वाले नाबालिग के पिता ने आरोप लगाया है कि बेटे के दोस्तों ने डरा धमकाकर उससे घर में नकली सोना रखवाकर असली 60 से 70 लाख रुपए के सोने के जेवर व 2.50 लाख रुपए चोरी करवा लिया। उन्होंने पुलिस के उच्च अधिकारियों से चोरी गए सोने के जेवर व पैसा वापस करवाने की गुहार लगाई है। उन्होंने सकरी पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने व समझौता कराने का आरोप लगाया है।

सकरी आसमां सिटी निवासी व्यवसायी सतीश मिश्रा ने प्रेस क्लब में बताया कि उनका नाबालिग बेटा तखतपुर



पत्रकारों से चर्चा करते पिता।



आरोपी से जब्त नकली सोना।

पालीटेक्निक कालेज में पढ़ाई कर रहा है। उसकी पत्नी कैंसर पीड़ित हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि उनके नाबालिग बेटे के साथ पढ़ाई करने वाले उसके दो नाबालिग दोस्तों ने उसे जान से मारने की धमकी देकर नकली सोना दिया और घर से 60 से 70 लाख रुपए के सोने के गहने व उनकी पत्नी के बैंक खाते से 2.50 लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिया है। दोनों नाबालिगों ने चोरी के जेवर सरकण्डा क्षेत्र के बंगाली दुकानदार को बेच दिया है। उन्होंने घटना की लिखित शिकायत सकरी थाने में की।

पुलिस ने दोनों नाबालिग लड़के व खरीददार बंगाली को पकड़ लिया। उसके बाद सकरी पुलिस उसके नाबालिग बेटे को आरोपी बनाने की बात कहते हुए समझौता करने का दबाव बनाने लगी। उस पर भी वे तैयार हो गए तो उन्हें खरीददार मात्र 40 हजार रुपए दे रहा था। उन्होने पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों से मामले की निष्पक्षता से जांच कर चोरी के गए जेवर व पैसा लौटाने की मांग की है।

### सरकण्डा में भी हुई थी वारदात

पूर्व में सरकण्डा क्षेत्र में रहने वाले एक नाबालिग को उसके दोस्तों ने अय्यासी करने के लिए कार खरीदने अपने अपने घर से सोने के जेवर चोरी करने की योजना बनाई। दोस्तों ने नकली सोना देकर पीड़ित के नाबालिग बेटे से 17 लाख का असली सोना घर से चोरी कर दोस्तों को दे दिया था। दोस्तों ने असली सोने के जेवर बेचकर रकम अय्याशी में उड़ा दिया था। उसके बाद उसे और जेवर चोरी करने के लिए दबाव बना रहे थे। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर चोरी कराने वाले एक युवक व खरीददार को गिरफ्तार कर लिया था। उक्त मामले में चोरी करने वाले नाबालिग को आरोपी नहीं बनाया गया था।

### पीड़ित ने दूसरे पक्ष से लिखित में किया समझौता

25 फरवरी 2026 को पीड़ित के द्वारा मामले की लिखित शिकायत की गई थी। उसकी शिकायत पर उसके बेटे के नाबालिग दोस्तों उसके परिजन व खरीददार को पकड़ा गया था। उक्त मामले में जेवर उसके नाबालिग बेटे ने चोरी कर खरीददार को बेचा था, इसलिए वह भी आरोपी बनेगा यह बताया गया था। इसके बाद पीड़ित ने दूसरे पक्ष से समझौता कर लिया था। पीड़ित ने थाने में लिखित में समझौतानामा दिया है।

**-विजय चौधरी**, सकरी टीआई

---

25 लाख रुपए खर्च कर बनाया पुल, पानी की व्यवस्था नहीं की

# सरोवर में पुल है लेकिन पानी का नामो निशान तक नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोनी के पास बिलासा ताल में सौंदर्यीकरण के नाम पर 25 लाख रुपए खर्च कर पुल बना दिया गया, परन्तु तालाब में पानी की व्यवस्था नहीं की गई। सूखे तालाब में अब कोई घूमने भी नहीं जाता है।

■ बिलासा ताल की हालत नहीं सुधरी

जिला प्रशासन ने कोनी की जमीन में अवैध बेजा कब्जे को रोकने के लिए बिलासा ताल का निर्माण करने के बाद जिम्मेदारी वन विभाग को दी थी। वन विभाग बिलासपुर ने बिलासा ताल के बीच में सरोवर बनाने के साथ एक कॉफी हाउस का निर्माण कराने के साथ अन्य कार्य कराए गए। कुछ माह पहले बिलासा ताल को नए स्तर से सुधारने के लिए शासन की ओर से डेढ़ करोड़ रुपए सें अधिक राशि स्वीकृत की गई थी। इसमें केवल बिलासा ताल को चारों ओर से घेराबंदी करने के लिए पुराने फेंसिंग तार और पोल को हटाकर नई दीवार बनाकर बाउंड्रीवाल का काम किया गया और अंदर का काम छोड़ दिया गया।

वन विभाग की जिम्मेदारी में चल रहे बिलासा ताल में सबसे अधिक आकर्षण का केन्द्र सरोवर और उसके ऊपर बनाया गया पूल था। इस पूल को लकड़ी के जरिए सरोवर के बीच में खड़े किया गया था। इसके साथ ही सरोवर में भ्रमण के लिए नाव की भी व्यवस्था की गई थी। आठ साल पहले बारिश के कारण पूल जर्जर होकर पूरी तरह से टूट गया, जिसे नए स्तर से बनाने के लिए लाखों रुपए की राशि भी संेक्शन की गई थी। यह कार्य करने से पहले ही तत्कालीन रेंजर रिटायर हो गए और राशि कहां गई इसका भी कोई अता पता नहीं चल सका। वर्तमान में बिलासा ताल का सरोवर तो है, उसमें 25 लाख रुपए की लागत से एक नवनिर्मित पुल का स्ट्रक्चर भी बनकर तैयार हो चुका है। सरोवर कभी बिलासा ताल में आने वाले सैलानियों की शोभा बना हुआ था, लेकिन अब यहां बना हुआ सरोवर पानी के लिए तरस रहा है।



### बाउंड्रीवाल केवल रोड की ओर

बिलासा ताल में सबसे अधिक परेशानियां असामाजिक तत्वों और मवेशियों से हो रही थी, जो बाउंड्रीवाल नहीं होने के कारण कहीं भी अंदर प्रवेश कर रहे थे। विभाग ने बिलास ताल के चारों ओर सीमेंट की दीवार उठाकर बाउंड्रीवाल बनाने का काम शुरु किया गया। यह कार्य केवल सड़क की ओर से किया गया है, जहां चार से पांच फीट दीवार उठाकर उसे रंग रौगन का काम हुआ है। वहीं जिस ओर लोगों के निवास स्थान हैं उस स्थान पर बाउंड्रीवाल नहीं करने के कारण असामाजिक तत्वों का आना जाना लगा रहता है।



लकड़ी से बनाया गया पुल।

### अब तक नहीं उठी गुमटी

प्रशासन ने बिलासा ताल को इसलिए बनाया था, ताकि वहां सैलानी अपने परिजन के साथ पहुंचे और पिकनिक का आनंद लें। इसे बनाने के बाद बच्चों के लिए गार्डन, झूले व अन्य कार्य भी किए गए। वहीं चार गुमटियों को भी बनाया गया, जहां बिलासा ताल में भ्रमण के लिए पहुंचने वाले सैलानियों को खाने-पीने का सामान आसानी से मिल सके। चार गुमटियों में से केवल एक गुमटी का संचालन किया जा रहा है, वहीं तीन गुमटियों कें शटर अब तक ओपन नहीं किए गए हैं। बिलासा ताल के अंदर से ज्यादा सामान बाहर लगने वाले ठेले में बिक रही है।

### सैलानियों का आना जरूरी

विभाग की ओर से बिलासा ताल को लगातार विकसित करने का काम किया जा रहा है, ताकि यह सैलानियो के लिए एक आकर्षण का केन्द्र और एक सुंदर पिकनिक स्पॉट बन सके। यहां सैलानी ही ज्यादा नहीं पहुंचते हैं। सैलानियों की संख्या कम होने के कारण आय भी नहीं हो पाती है। अभी कुछ काम चल रहे हैं, जिसके लिए राशि भी संेक्शन कराई गई है।

**-मनोज पाण्डेय**, सीसीएफ, वन वृत्त बिलासपुर

---

# समर शेड्यूलः रायपुर से फ्लाइट बुकिंग की मजबूरी




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

समर शेड्यूल को लेकर अलायंस एयर की लापरवाही लोगों के लिए मुसीबत बन रही है। जहां समर वैकेशन मनाने के लिए लोगों के द्वारा महीनों पहले फ्लाइट की बुकिंग की जाती है, वहीं एयरलाइन्स कंपनी 15 दिनों का शेड्यूल जारी कर रहा है। इससे लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

■ महीनों पहले बुकिंग की मांग, बिलासा एयरपोर्ट से फ्लाइट नहीं

विंटर शेड्यूल 28 मार्च को समाप्त हो चुका है। अलाइंस एयर ने 15 अप्रैल तक का ही समर शेड्यूल जारी किया था, जो अब खत्म होने वाला है, इसके साथ ही हाल ही में एयरलाइन्स कंपनी ने 16 से 30 अप्रैल तक फ्लाइट शेड्यूल जारी किया गया है जबकि समर शेड्यूल सितंबर माह तक जारी किया जाना है लेकिन एयरलाइन्स कंपनी फ्लाइट की कमी से जुझते हुए महज 15-15 दिनों का शेड्यूल जारी कर रही है। ऐसे में गर्मियों की छुट्टियों में समर वेकेशन में जाने वाले लोगों के लिए खासी मुसीबत खड़ी हो चुकी है, महीनों पहले बुकिंग की बाध्यता होती है, ऐसे में तत्काल बुकिंग पर ना तो रियायत मिलती है और ना ही मनचाही फ्लाइट। जिसके चलते हवाई यात्री दुविधा की स्थिति का सामना कर रहे हैं। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति मांग की है कि बिलासा एयरपोर्ट से उड़ानों भरने वाली फ्लाइटों का शेड्यूल जारी करें, यह शेड्यूल सितंबर माह तक वैध रहे।

### इन लोगों ने दिया धरना

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का महाधरना शनिवार को जारी रहा, जहां बद्री यादव, अनिल गुलहरे, रवि बनर्जी, डॉक्टर प्रदीप राही, ऋषि राज गौतम, रामशरण यादव, परसराम केवट, चंदन केवट, समीर अहमद,शिरीष कश्यप, प्रतीक तिवारी, मनोज तिवारी, प्रकाश बहरानी, रमाशंकर बघेल, मजहर खान सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

### मैसेज कर महिला वकील से 50 हजार की ठगी

**बिलासपुर।** परिचित के मोबाइल नम्बर से वाट्सएप में मैसेज कर आर्थिक मदद मांगकर महिला वकील से 50 हजार रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, नेहरू नगर पारिजात कालोनी निवासी वकील अनसुईया चतुर्वेदी पिता स्व. ज्वाला प्रसाद के मोबाइल में 6 अप्रैल को उनके परिचित विनय खेमानी के मोबाइल नम्बर से वाट्सएप में आर्थिक मदद की मांग करने की मैसेज भेजा गया। मैसेज देखकर उन्होंने फोन पे माध्यम से दो किश्तों में 50 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिया। कुछ समय पश्चात विनय खेमानी ने अपने वाट्सएप नम्बर से स्टेटस लगाया कि उनका मोबाइल नम्बर हैक कर लिया गया है, किसी प्रकार का लेनदेन ना करें। उसके बाद उन्हें आनलाइन ठगी के शिकार होने की जानकारी हुई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में जुट गई है।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान

डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277,
मो.: 9826190123, 9669979123

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

### खार में युवक की लाश मिलने से सनसनी

**बिलासपुर।** उसलापुर ब्रिज के नीचे खार में एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मृत्यु के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। सिविल लाइन थाना के प्रधान आरक्षक साहेबअली ने बताया, 11 अप्रैल को लोगों ने उसलापुर ब्रिज के नीचे खार में एक युवक की लाश देखी, सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। तलाशी लेने पर आधार कार्ड मिला, जिससे उसकी पहचान अकलतरा मोहनपारा निवासी रवि कुमार विश्वकर्मा पिता संजय विश्वकर्मा 37 साल के रूप में हुई। शरीर में चोट के निशान नहीं हैं। मृतक के छोटे भाई ने पुलिस को बताया, मृतक पिकअप चलाता था। 10 अप्रैल को वह अपनी पत्नी को एक दिन बाद घर आने की बात कहकर निकला था।

## कर्जदारों की शिकायत पर वनपाल सस्पेंड

**बिलासपुर।** कार्यालयीन कर्मचारियों से कर्ज लेकर वापस नहीं करने पर वनपाल की शिकायत सीसीएफ और डीएफओ से की गई, जिसकी शिकायत के बाद जांच रिपोर्ट मिलने पर सीसीएफ ने वनपाल को सस्पेंड करने के साथ बिलासपुर से मुंगेली ट्रांसफर कर दिया है।

बिलासपुर वन मंडल के रेस्ट हाउस में वनपाल के पद पर राजेश्वर राव कार्यरत है। राजेश्वर राव रेस्ट हाउस की देखरेख करने के साथ विभागीय कार्य भी कर रहा था। इस कार्य के दौरान उसने विभागीय कर्मचारियों के अलावा बाहर के लोगों से लाखों रुपए का कर्ज ले लिया। कभी अफसरों कें नाम पर तो कभी अपने पर्सनल कार्य के लिए राजेश्वर राव ने लिए हुए दूसरे के पैसों को वापस नहीं किया। कर्ज देने वालों ने इसकी शिकायत बिलासपुर वन वृत्त के मुख्य वन संरक्षक मनोज पाण्डेय से की। शिकायत के बाद मुख्य वन संरक्षक ने इस मामले के जांच करने का आदेश बिलासपुर वन मंडलाधिकारी को दिया था। जांच में कर्ज देने वाले लोगों के साथ अन्य से भी पूछताछ की गई। इसकी रिपोर्ट मिलने के बाद सीसीएफ ने शुक्रवार की शाम एक आदेश निकालकर वनपाल राजेश्वर राव का सस्पेंशन आर्डर जारी कर दिया। सस्पेंशन के साथ उसका ट्रांसफर भी बिलासपुर के बाद मुंगेली डिवीजन में किया गया है।

इस संबंध में बिलासपुर वन वृत्त के मुख्य वन संरक्षक मनोज पाण्डेय ने बताया कि उनके पास शिकायत आई थी कि वनपाल राजेश्वर राव ने कई लोगों से पैसा लिया है, लेकिन वापस नहीं कर रहा है। इसकी जांच करने के बाद ही वनपाल के खिलाफ सस्पेंशन की कार्रवाई की गई है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## दो पक्षों में मारपीट, जमकर बरसे ईंट- पत्थर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तहसीलदार व पुलिस के सामने जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई, दोनों पक्ष के लोगों ने एक दूसरे पर जमकर ईंट पत्थर बरसाया। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

पचपेड़ी थाना प्रभारी राज सिंह ने बताया, निर्मला देवी अंचल की उच्चभठ्ठी तालाब के पास उनकी जमीन पर तहसीलदार बेदखली की कार्रवाई कर रहे थे और सुरक्षा में पुलिस बल तैनात था। इसी दौरान संतोष नायक ने निर्मला देवी को धक्का देकर गिरा दिया। उसके बाद गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। दूसरे पक्ष से चीकू नायक ने आरोप लगाया जोंधरा रोड स्थित निर्माणाधीन तहसील कार्यालय के पास जमीन विवाद को लेकर बिंदु जायसी, रामफल अंचल और लोगों ने उनके परिवार हमला कर ईंट पत्थर बरसाते हुए लाठी से जमकर मारपीट की है, जिससे उनके परिवार के लोगों को चोट आई है। काफी मशक्कत के बाद सुरक्षा पर तैनात पुलिसकर्मियों के द्वारा विवाद शांत कराया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर दोनों पक्षों के हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### तहसीलदार व पुलिस के सामने भिड़े



थाने में बैठाए गए आरोपी।

BHARGAVA UROLOGY Centre
Dr. Rahul Bhargava
M.S. M.Ch. Urology
Consultant Urologist & Andrologist
भार्गव यूरोलॉजी सेंटर
★ किडनी की पथरी (Stone) का छोटे चीरे से ऑपरेशन (MINI PCNL)
★ युरेटर एवं पेशाब नली का दूरबीन द्वारा इलाज
★ पेशाब नली की सिकूड़न (Stricture) का दूरबीन द्वारा ईलाज ।
★ महिलाओं एवं बच्चों के पेशाब संबंधित समस्याओं का ईलाज ।
★ लिथोट्रिप्सी की सुविधा प्रत्येक शनिवार एन्ड्रोलॉजी क्लीनिक ।
• सभी जनरल सर्जरी के ऑपरेशन की सुविधा
• लेप्रोस्कोपी से Gall Bladder, Appendix
स्मार्ट कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड से ईलाज की सुविधा उपलब्ध
पता :- रिंग रोड नं.2, गौरव पथ मंगला चौक के पास बिलासपुर मो. 7389439337